श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 208, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 25 अगस्त 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पीएम मोदी ने फरीदाबाद में 'अमृता अस्पताल' का किया उद्घाटन

## यह केवल अस्पताल नहीं, बल्कि गरीबों और जरूरतमंदों के लिए आशा की किरण: मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरीदाबाद में देश के सबसे बडे अमृता अस्पताल का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। इस मौके पर माँ अमृता आनंदमयी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री मनोहर लाल मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अमृत काल की इस प्रथम बेला में मां के आशीर्वाद का अमृत देश को मिल रहा है। फरीदाबाद में आरोग्य का इतना बड़ा संस्थान प्रतिष्ठित हो रहा है। यह बिल्डिंग और टेकनॉलिजी से जितना आधुनिक है सेवा, संवेदना और आध्यात्मिक चेतना के हिसाब से भी उतना ही अलौकिक है। यहां आधुनिकता और अध्यामिकता का समागम देखने को मिल रहा है। यह गरीबों के लिए सुलभ और सस्ते इलाज का माध्यम बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा के इतने बड़े महायज्ञ के लिए वे अम्मा के आभारी हैं। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई की देश की दूसरी संस्थाओं के लिए ये प्रकल्प आदर्श बनेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अमृता अस्पताल के शुरू होने से ना केवल फरीदाबाद और हरियाणा राज्य के लोगों सुविधा मिलेगी बल्कि दिल्ली एनसीआर की पूरी आबादी को भी यहां उपचार की सुविधा मिलेगी।

**अंत्योदय दर्शन के साथ योजनाओं का संचालन कर रहे प्रधानमंत्री:** वहीं इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मां अमृता




आनंदमयी का स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का हरियाणा से एक अलग लगाव है, उसी लगाव और प्रेम के चलते प्रधानमंत्री के आज के आगमन को पूरा प्रदेश आशीर्वाद के रूप में ग्रहण करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में देश आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री गरीब एवं अभावग्रस्तों की चिंता करते हुए अंत्योदय दर्शन के साथ योजनाओं का संचालन कर रहे हैं, जो सराहनीय है। गरीबों के सिर पर छत प्रदान करना, उनके स्वास्थ्य देखभाल के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान योजना की शुरूआत करना और उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाना तथा हर घर नल स जल जैसी योजनाओं की शुरूआत करना अंत्योदय दर्शन का एक बड़ा उदाहरण है। ऐसी योजनाओं के कारण आज हर देशवासी के मन में यह विश्वास है कि हर कठिनाई में प्रधानमंत्री उनके साथ खड़े हैं।


## प्रधानमंत्री मोदी ने पंजाब को होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर की सौगात दी

# पंजाब को कैंसर अस्पताल की सौगात

**चंडीगढ़:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पंजाब के लोगों को होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर की सौगात दी। मोहाली के न्यू चंडीगढ़ में बने इस अस्पताल के उद्घाटन के बाद पीएम ने एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम भगवंत मान ने इशारों में पीएम नरेंद्र मोदी से पंजाब के लिए पैकेज की भी मांग की लेकिन मोदी इस बारे में चुप्पी साध गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब तीन बजे हेलीकॉप्टर से उद्घाटन स्थल पहुंचे। इसके बाद उन्होंने अस्पताल का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित, सीएम भगवंत मान और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र प्रसाद भी मौजूद रहे। मोदी ने अस्पताल में सभी सुविधाओं को देखा और डॉक्टरों से बात की। वहीं मोदी के आने की जानकारी मिलते ही सभा स्थल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। इसके बाद मोदी मंच पर पहुंचे जहां सीएम भगवंत मान ने उन्हें श्री दरबार साहिब का मॉडल देकर सम्मानित किया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री जतिंदर सिह मंच पर आए और पीएम नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया। इसके बाद सीएम भगवंत मान मंच पर पहुंचे। मान के मंच पर आते ही लोगों ने मोदी-मोदी के नारे लगाए।

**मंच पर आए मान ने इशारों में मांगा पैकेज, लगे मोदी-मोदी के नारे:** मंच से अपने भाषण में सीएम भगवंत मान ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। इस दौरान उन्होंने पंजाब के लोगों के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। सीएम ने पांच जनवरी को मोदी के दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि हमें दुख है कि उस समय आपको लौटना पड़ा। इसके बाद उन्होंने पीएम से पंजाब की झोली भरने का एक इशारा भी किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि भारत में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितना काम पिछले 7-8 साल में हुआ है, उतना पिछले 70 साल में भी नहीं हुआ। आज स्वास्थ के क्षेत्र के लिए गरीब से गरीब को आरोग्य की सुविधा के लिए आज एक नहीं, दो नहीं, छह मोर्चों पर एक साथ काम करके देश की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुधारा जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि अच्छे हेल्थकेयर सिस्टम का मतलब सिर्फ चार दीवारें बनाना नहीं होता। किसी भी देश का हेल्थकेयर सिस्टम तभी मजबूत होता है, जब वो हर तरह से समाधान दे, कदम-कदम पर उसका साथ दे। इसलिए बीते 8 वर्षों में देश में होलिस्टिक हेल्थकेयर को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखा गया है। डेढ़ लाख नए मरीजों के इलाज की व्यवस्था तैयार हो गई है। पीजीआई में भीड़ बढ़ने से मरीजों और उनके परिवार को दिक्कत होती थी। बिलासपुर में एम्स बना है, जिसको जो नजदीक पड़ेगा, अब वो वहां जा सकेगा।

पीएम ने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए उसकी स्वास्थ्य सेवाओं का भी विकसित होना उतना ही जरूरी है। जब भारत के लोगों को इलाज के लिए आधुनिक अस्पताल मिलेंगे, आधुनिक सुविधाएं मिलेंगीं, तो वो और जल्दी स्वस्थ होंगे, उनकी ऊर्जा सही दिशा में लगेगी।




### गांवों में वेलनेस सेंटर बना रहे, 3 हजार पंजाब में

पीएम ने कहा कि गांवों में हेल्थ और वेलनेस सेंटर बनाए जा रहे हैं। करीब सवा लाख सेंटर काम करना शुरू कर चुके हैं। पंजाब में भी 3 हजार सेंटर सेवा दे रहे हैं। इनमें 22 करोड़ लोगों की कैंसर से जुड़ी स्क्रीनिंग हो चुकी है। जिनमें से अकेले 60 लाख स्क्रीनिंग पंजाब में हुई है।

### पंजाब और पंजाबियों की सराहना

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पंजाब स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिवीरों और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत परंपरा की धरती है। पंजाब ने हर घर तिरंगा अभियान के दौरान भी इसे कायम रखा। उन्होंने पंजाब के युवाओं के जज्बे की तारीफ की।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में छह मोर्चे पर हो रहा काम

पहला मोर्चा - प्रिवेंटिव हेल्थकेयर को बढ़ावा देने का।

दूसरा मोर्चा - गांव-गांव में छोटे और आधुनिक अस्पताल खोलने का।

तीसरा मोर्चा - शहरों में मेडिकल कॉलेज और मेडिकल रीसर्च वाले बड़े संस्थान खोलने का।

चौथा मोर्चा - देशभर में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या बढ़ाने का।

पांचवा मोर्चा - मरीजों को सस्ती दवाइयां, सस्ते उपकरण उपलब्ध कराने का।

छठा मोर्चा - टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर-के मरीजों को होने वाली मुश्किलें कम करने का।

## भड़काऊ भाषण: योगी पर मुकदमा चलेगा या नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ 2007 में गोरखपुर में भड़काऊ भाषण देने के मामले में मुकदमे की इजाजत न देने के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा था कि सबूत नाकाफी हैं। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मामले में दखल देने से मना कर दिया था। हाई कोर्ट के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी है। 14 मई 2018 को सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता रशीद खान को योगी आदित्यनाथ समेत सभी



अभियुक्तों को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील फुजैल अय्युबी से सुप्रीम कोर्ट ने पूछा था कि आपने बाकी अभियुक्तों को पक्षकार क्यों नहीं बनाया है तो उन्होंने कहा कि चूंकि हाई कोर्ट में रिवीजन पिटीशन अभियुक्त नंबर दो महेश खेमका ने दाखिल की थी इसलिए हमने उन्हें पक्षकार नहीं बनाया, लेकिन अभियुक्त सभी हैं। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने गोरखपुर दंगों में योगी आदित्यनाथ की भूमिका की जांच मांग खारिज कर दी थी। याचिका में साल 2007 में हुए गोरखपुर दंगों में आदित्यनाथ की भूमिका की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से दोबारा जांच करवाने की मांग की गई थी। हाई कोर्ट के इसी फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है।

## 'पिनाका एमके-1' का किया गया सफल परीक्षण

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

राजस्थान के जैसलमेर जिले की फील्ड फायरिंग रेंज में भारत में निर्मित पिनाका मिसाइल के अपग्रेड वर्जन का सफल परीक्षण किया गया। भारतीय सेना और के अधिकारीयों की मौजूदगी में पिनाका एमके-आई राकेट सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। बता दें कि पिनाका मिसाइल अपनी ताकत का बखूबी प्रदर्शन किया। यह परीक्षण पोकरण फिल्ड फायरिंग रेंज मे पिनाका राकेट सिस्टम से पिनाका मिसाइल की फायरिंग दो-तीन दिन तक जारी रहेगी।

## लैंड फॉर जॉब स्कैम: बिहार-दिल्ली समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी



**पटना:** लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले में बिहार समेत दिल्ली व हरियाणा के 25 ठिकानों पर सीबीआई ने छापा मारा है। इससे पहले सीबीआई सुबह राजद के चार बड़े नेताओं के घर पहुंची थी। इस बीच खबर है कि बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की संपत्तियों की जांच के लिए उनसे जुड़े ठिकानों पर भी सीबीआई की टीम पहुंची है। जानकारी के मुताबिक, गुरुग्राम के सेक्टर-71 स्थित अर्बन क्यूब्स मॉल में भी सीबीआई की टीम पहुंची है। मॉल अभी निर्माणाधीन है। टीम के सुबह 10 बजे के आसपास पहुंचने की प्राथमिक सूचना है। कथित तौर पर मॉल में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की हिस्सेदारी है। अर्बन क्यूब सेक्टर-71 मॉल का निर्माण व्हाइट लैंड कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, बिहार में राजद सांसद अशफाक करीम, फैयाज अहमद के अलावा एमएलसी सुनील सिंह और पूर्व एमएलसी सुबोध राय के आवास पर सीबीआई की टीमें पहुंची हैं। सूत्रों का कहना है कि सीबीआई ने नौकरी घोटाले में कथित जमीन को लेकर छापेमारी की है। इस मामले में सीबीआई ने तीसरी बार बिहार में छापेमारी की है। इससे पहले राजद के पूर्व विधायक और लालू यादव के ओएसडी भोला यादव को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। उनके कई ठिकानों पर भी छापेमारी की गई थी। वहीं सीबीआई के छापे पर एमएलसी सुनील सिंह ने भाजपा पर आरोप लगाया है। उन्होंने इस छापे को राजनीति से प्रेरित बताया। कहा, यह जानबूझकर किया जा रहा है। इसका कोई मतलब नहीं है।

## चुनावी खैरात: सुप्रीम कोर्ट ने नई बेंच को भेजा मामला

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त उपहारों की पेशकश, वादे पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले पर सीजेआई एनवी रमणा, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ सुनवाई की। याचिकाकर्ता ने कहा कि पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज के नेतृत्व में समिति बना दी जाए। इस पर एसजी तुषार मेहता ने कहा कि पूर्व कैग के नेतृत्व में समिति बनाई जाए। सीजेआई ने आगे कहा कि मैं नई पीठ को यह मामला भेज रहा हूं जो मैनिफेस्टो मामले में दिए गए पूर्व के फैसलों पर गौर करेगी। इसके साथ ही यह तय हो गया है कि जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में तीन जजों कि पीठ आगे फ्रीबीज मामले पर सुनवाई करेगी। सुनवाई के दौरान वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि मेरी राय में मुख्य समस्या यह है कि चुनाव से तत्काल पहले वादा करना एक तरह से मतदाता को रिश्वत देना है। इस पर कपिल सिब्बल ने कहा कि चुनाव से पहले ऐसे वादों से वित्तीय संकट खड़ा होता है, क्योंकि वह आर्थिक हालात को ध्यान में रखकर नहीं किए जाते।

## नीतीश बोले- मेरे खिलाफ खूब बोलो, तभी आगे बढ़ोगे, अटल-आडवाणी-जोशी को किया याद

# नीतीश-तेजस्वी सरकार ने जीता विश्वास मत

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा में विश्वास मत पर चर्चा के दौरान भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी का जिक्र करते हुए कहा कि अब भाजपा पहले वाली नहीं रही। अब भाजपा में ऐसे लोग हैं, जो कोई काम नहीं करते, केवल झूठा प्रचार करते हैं। इन लोगों को केवल झूठ बोलना है। उन्होंने विधानसभा में बैठे भाजपा के विधायकों को कहा कि वे उनके खिलाफ खूब बोलें, तभी भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व उन्हें आगे बढ़ाएगा। नीतीश कुमार ने भाजपा



के विधायकों से कहा कि स्थानीय नेताओं से उनकी कोई शिकायत नहीं है। नीतीश कुमार ने भाजपा विधायकों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि हमको आप लोगों से कुछ शिकायत नहीं है। हम आप लोगों पर कुछ कह रहे हैं। हमसे कहा गया था कि नंद किशोर यादव को अध्यक्ष बनाएंगे, लेकिन नहीं बनाया। 2005 में क्या वोट आया था 2020 के चुनाव में किसको मेरे खिलाफ खड़ा करवा दिया नीतीश कुमार ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री नहीं बनाना चाहता था, लेकिन भाजपा ने दवाब देकर बनवाया। उन्होंने बिना नाम लिए अपने पुराने साथी आरसीपी सिंह को लेकर भी हमला किया। तेजस्वी यादव को लेकर कहा इनके बारे में क्या कहा गया। लेकिन पांच साल बीत गया अब तो कुछ नहीं है। नीतीश कुमार ने भाजपा और केंद्र सरकार पर बिहार की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि पटना यूनिवर्सिटी को सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनाने को कहे नहीं किया।

## मुख्यमंत्री ने 260.02 करोड़ रुपये की गृह विभाग की 144 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

# देश के लिए नजीर बनी यूपी की कानून व्यवस्था : योगी

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पांच साल पहले उत्तर प्रदेश की गिनती देश के बीमारू राज्यों में होती थी। विकास की कोई सोच नहीं थी। कानून व्यवस्था बदतर थी। आए दिन प्रदेश में दंगे होते थे। प्रदेश में व्यापारी, महिला, नौकरी पेशा, किसान, श्रमिक अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं करते थे। 2017 में हमारी सरकार बनने के बाद जब मैंने 20 मार्च को गृह विभाग का निरीक्षण किया तो धूल से सनी फाइलों का ढेर था। इसके बाद हमारी सरकार ने पुलिस के आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ाया और इसके लिए छह हजार करोड़ रुपये का बजट जारी किया। इससे सेफसिटी और सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट को बढ़ावा मिला। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को राजधानी में 260.02 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुई पुलिस की 144 आवासीय और अनावासीय परियोजनाओं के लोकार्पण के अवसर पर पुलिस कर्मियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने





कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस दुनिया का सबसे बड़ा पुलिस बल है, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने इसके आधुनिकरण की दिशा में कोई कार्य नहीं किया बल्कि प्रदेश में पीएसी की 54 कंपनी समाप्त कर दी थी। प्रदेश में एक भी महिला बटालियन और एसडीआरएफ का गठन नहीं किया। हमारी सरकार ने इस दिशा में कार्य करते हुए प्रदेश में एसएसएफ, तीन महिला बटालियन और एसडीआरएफ की तीन बटालियन का गठन किया। उन्होंने कहा कि 24 से 25 करोड़ की आबादी के हिसाब से प्रदेश में डेढ़ लाख पुलिस बल की कमी थी। हमारी सरकार आने बाद प्रदेश में एक लाख 62 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती करने के साथ उन्हें अच्छी ट्रेनिंग दी गई। इसके अलावा हमने प्रदेश में बेहतर पुलिसिंग के लिए बड़े शहरों लखनऊ, कानपुर, नोएडा और बनारस में पुलिस कमिश्नरेट की स्थापना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमने सेफसिटी और सीसीटीएन का प्रदेश में प्रोजेक्ट लागू किया।

**यूपी की कानून व्यवस्था बनी चुनावी मुद्दा:** सीएम योगी ने यूपी पुलिस की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस बल की वजह से हमेशा सरकारें कटघरे में खड़ी रहती थीं। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी प्रदेश की अच्छी कानून व्यवस्था चुनाव में मुद्दा बनी। बेहतर कानून व्यवस्था की वजह से सरकार को जनता का समर्थन मिला। देश भर के उद्यमियों और व्यापारियों ने बेहतर कानून व्यवस्था की वजह से प्रदेश में चार लाख करोड़ रुपये का निवेश किया।

# भाजपा ने आप विधायकों को 20 करोड़ का ऑफर दिया: आप

**नई दिल्ली:** दिल्ली में शराब नीति को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच बुधवार को आम आदमी पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान आप के सांसद संजय सिंह ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नापाक इरादों की पोल खुल गई है। भाजपा ने आप विधायकों को 20 करोड़ का ऑफर दिया। ये अरविंद केजरीवाल के सैनिक हैं भाजपा के सामने इस तरह नहीं बिकेंगे। संजय सिंह ने दावा किया कि आप के चार विधायक संजीव झा और सोमनाथ भारती, अजय दत्त और कुलदीप कुमार को भाजपा ने तोड़ने की कोशिश की और उन्हें 20 करोड़ का ऑफर दिया। लेकिन



दिल्ली में भाजपा अपने इरादों में कामयाब नहीं होगी।

**केजरीवाल ने बुलाई बैठक:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले 2-3 दिनों में आप के कुछ विधायकों ने मुझसे कह रहे हैं कि उन्हें भाजपा की तरफ से सीबीआई और ईडी की धमकी दी जा रही है, उन्हें आप छोड़ने के लिए पैसे का लालच दिया जा रहा है, यह एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है। हमने इस पर चर्चा करने के लिए बुधवार शाम 4 बजे अपने राजनीतिक मामलों की बैठक बुलाई है।

**मनीष सिसोदिया बच नहीं सकते: संबित पात्रा:** आप के आरोपों के बाद भाजपा की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आप सरकार मनीष सिसोदिया को घेरा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मनीष सिसोदिया ने ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को लाइसेंस दे दिए। सिसोदिया ने दिल्ली में शराब के व्यापार में सुधार के लिए गठित एक विशेषज्ञ पैनल की सिफारिशों की अनदेखी की।

## खबर संक्षेप

### रात सोते समय मासूम को सर्प ने डंसा, मौत

**करछना।** थाना क्षेत्र के सेमरहा गांव में घर के अंदर चटाई बिछाकर जमीन सोते समय मासूम की सर्पदंश से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी उमेश आदिवासी की पुत्री प्रतिज्ञा 7 वर्ष मंगलवार की रात घर के अंदर जमीन पर बिछाई गई चटाई पर परिवार के साथ सोई हुई थी। उसी बीच देर रात 2 बजे के करीब सर्प ने मासूम के दाएं पैर में डंस लिया। थोड़ी देर बाद जलन होने पर मासूम जोर -जोर से चिल्लाने लगी। शोर-शराबा सुनकर परिजन सहित आसपास के लोगों में जगहट हो गई। जिसके बाद परिजनों ने देखा तो सर्प घर के कोने पर जा कर बैठ हुआ था। जब तक स्वजन मासूम को उपचार के लिए ले जाते हैं, तब तक उसकी सांसे थम चुकी थी। सुबह घटना की जानकारी होने पर करछना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया। मासूम की हुई मौत से स्वजनों में कोहराम मचा है। उमेश आदिवासी मजदूरी का काम करता है। उसके तीन बेटी व दो बेटा है। बेटियों में प्रतिज्ञा दूसरे नंबर की लड़की थी।

# यमुना नदी में उफान : 7 सेमी की स्पीड से बढ़ रहा पानी

**अखंड भारत संदेश**





**लालापुर।** क्षेत्र में यमुना नदी का पानी खतरे के निशान पर पहुंच गया है।यमुना नदी में लगातार पानी बढ़ने से यमुना किनारे बसे ग्रामीण पहले से एलर्ट होने लगे हैं।बारा तहसील में प्रतापपुर से लेकर घूरपुर तक यमुना का किनारा पड़ता है।यमुना में पानी बढ़ने से दर्जनों गांव यमुना की चपेट में आ जाते है।सबसे ज्यादा खतरा मझियारी तरहार गांव में बना रहता है क्योंकि इस गांव में पानी चारों तरफ से भर जाता है जिससे गांव टापू में तब्दील हो जाता है। लगातार पानी बढ़ने से ग्रामीणों के चेहरे पर शिकन देखी जा सकती है।मांझियों ने अपनी नाव व बोट घाट से ऊपर करना शुरू कर दिया है।केंद्रीय बाढ़ व गाद नियंत्रण कार्यालय पंडुवा के कर्मचारियों ने बताया की देर शाम तक यमुना नदी में 85.75पर पहुंच चुका है।जो7 सेंटी मीटर प्रति घंटा की स्पीड से बढ़ रहा है।खतरा को देखते हुए बाढ़ उपजिलाधिकारी बारा शुभम यादव ने बाढ़ राहत चौकियों को एलर्ट कर दिया है।सभी राजस्व निरीक्षकों व हल्का लेखपालों को क्षेत्र में भ्रमण करने का आदेश जारी किया है।सभी लेखपालों को क्षेत्र में रहकर यमुना बढ़ने वाले पानी व बरसात से गिरने वाले मकानों व किसी प्रकार की समस्या से तत्काल अवगत कराने को कहा है।उधर प्रतापपुर गांव स्थित बुंदेला नाला में नाव लगाकर सवारियों को पार उतारना शुरू हो गया है।

## बाढ़ की रफ्तार देख तटवर्ती इलाकों में रहने वालों की उड़ी नींद



**झूंसी।** गंगा जमुना में बाढ़ की रफ़्तार देख तटवर्ती इलाको में रहने वालो की नीद उड़ी है लोग अपने समान समेटने लगे है। कई आश्रम बाढ़ की चपेट में आ गए है। बुधवार को गंगा का पानी संघ कार्यालय के साथ कई आश्रम में प्रवेश किया तो पूजा अर्चना कर सन्तो ने माँ गंगा का स्वागत किया।गंगा जमुना के बढ़ते जल स्तर को देख हर कोई बाढ़ को लेकर सशंकित है। बदरा सोनौटी, ढोलबजवा हसे भर से टापू में तब्दील है। लोग नाव से आवागमन कर रहे है। गांव के बलदेव यादव ने बताया कि अब तक बाढ़ में सैकड़ो बीघे धान व सब्जी की खेती नष्ट हो चुकी है। इसी तरह पानी बढ़ता रहा तो बची फसल भी नस्ट हो जायेगी। प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित लोगो को कोई सुविधा नही मिल रही है हसे भर से अधेरे में रह रहे लोगो को मिट्टी का तेल नही मिल पाया है। अधिकारी गांव के बहार से ही मुआयना कर लौट जा रहे है। वही बाढ़ में डूबे आश्रम के संत सारा सामान समेत ऊपरी मंजिल पर डेरा जमाए है। पानी इसी तरह बढ़ता रहा तो आश्रम छोड़ना पड़ सकता है।

# नदी में डूबकर 11वर्षीय बच्चे की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**महुली गांव में दोपहर बाद 3 बजे के आसपास हुआ हादसा, एक वर्ष पूर्व कोरोना से पिता की हो चुकी है मौत**



**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के महुली गांव में बुधवार को दोपहर बाद 3 बजे के आसपास अपने दो अन्य साथियों के साथ सेवटी नदी में नहाने गये 11 वर्षीय बच्चे की गहरे पानी में डूबकर मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक सूरज कुमार पुत्र चंद्रबली गांव के ही दो साथियों के साथ गांव में ही स्थित सेवटी नदी में नहाने गया हुआ था। नहाने के दौरान सूरज नदी के गहरे पानी में चला गया। जिसे डूबता देख दो अन्य साथी भागते हुए गांव में आए और परिवार व गांव वालों को जानकारी दी। जब तक ग्रामीण नदी पर पहुंचे तब तक मासूम सूरज की मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों की मौजूदगी में किशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूरज के पिता चंद्रबली विश्वकर्मा की मौत 13 जनवरी 2021 को कोरोना से हो गई थी। मृतक सूरज दो भाइयों में छोटा था। बड़ा भाई लाल बहादुर विश्वकर्मा बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करता है और परिवार की आजीविका चलाता है। सूरज को तीन बहने हैं तीनों की शादी हो चुकी है। माता उर्मिला देवी समेत अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। माता उर्मिला देवी पति के मौत के सदमे को अभी भुला नहीं पाई थी कि उसका 11 वर्षीय मासूम बेटा भी चल बसा, असहनीय पीड़ा से वह बेहोशी की हालत में पड़ी थी।

# हार और कंगन के साथ धरे गए शातिर चोर

## चोरी की मोटरसाइकिल और 2900 रुपये नगदी भी बरामद

**अखंड भारत संदेश**




**शंकरगढ़।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शंकरगढ़ पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पीली धातु का हार, कंगन, चोरी की मोटरसाइकिल और 2900 रुपये नगद बरामद हुए हैं। पूछताछ के बाद दोनों चोरों का चालान भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को शंकरगढ़ थाने की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शातिर चोर ऋषि वर्मा पुत्र छोटेलाल वर्मा (निवासी चाकघाट, रींवा, मध्यप्रदेश) और वैभव केसरवानी उर्फ प्रदान पुत्र तीरथ प्रसाद केसरवानी (निवासी मोदीनगर, शंकरगढ़) को धर दबोचा गया। भारतनगर में स्थित बंद पेट्रोल पंप के पास से की गई गिरफ्तारी के बाद दोनों की तलाशी ली गई। इनके कब्जे से धारा 380 के एक मामले में चोरी हुए पीली धातु के हार, एक जोड़ी पीली धातु के कंगन, सफेद धातु की पायल बरामद हुई। इसके अलावा इनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल और नगदी भी बरामद हुई है। बरामदगी के उपरांत दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर चालान भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि धरे गए वैभव केसरवानी के खिलाफ शंकरगढ़ थाने में कुल तीन मामले दर्ज हैं। जबकि दूसरे शातिर चोर ऋषि वर्मा के खिलाफ मध्य प्रदेश के चाकघाट थाना में सात और शंकरगढ़ (प्रयागराज, उत्तर प्रदेश) में दो मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल गिरीश मिश्र, विपिन कुमार चौधरी, मनोज कुमार सिंह शामिल रहे।

## एक सप्ताह से अंधेरे में रह रहे दमगढ़ी गांव के लोग

### शिकायत के बावजूद नहीं लग पा रहा है ट्रांसफॉर्मर

**जसरा।** विकास खण्ड जसरा के गौहनिया पावर हाउस के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुदांवा का मजरा दमगढ़ी का ट्रांसफार्मर एक सप्ताह से जला हुआ है। जिसकी शिकायत अधिकारियों से करने के बावजूद अभी तक नहीं लग पाया है। ग्रामीण अंधेरे में जीने के लिए विवश हैं। मिली जानकारी के अनुसार दमगढ़ी गांव का ट्रांसफॉर्मर 10 केवी का एक सप्ताह से जला हुआ है। जिसकी शिकायत गांव वालों ने सभी अधिकारियों को कर दिया है। उसके बावजूद अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं लग पाया है । इस उमस भरी गर्मी और मच्छरों का प्रकोप इतना तेजी से देखने को मिल रहा है और गांव के लोग अंधेरे में रह रहे हैं। जिसके कारण गांव वालों को शासन प्रशासन के प्रति काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। गांव के लोगों का कहना है कि जेई पंकज मौर्या द्वारा बताया जा रहा है कि हमने अपनी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दी है । ऊपर के उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद ही ट्रांसफॉर्मर लगाया जाएगा।


# पांच देशी बम के साथ युवक धराया, छह का चालान




**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान एक अभियुक्त को पांच देशी बम के साथ गिरफ्तार किया है। जबकि आधा दर्जन लोगों का शांतिभंग में चालान किया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाने की पुलिस टीम ने एक युवक को पांच अदद देशी बम के साथ गिरफ्तार किया है। एसओ ने बताया कि क्षेत्र के खान सेमरा नहर पुलिया के नीचे से अन्नू पुत्र पृथ्वी पाल कोल (निवासी मिश्रा पुरवा, थाना शंकरगढ़) को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से पांच देशी बम बरामद हुआ है। एसओ ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के खिलाफ शंकरगढ़ थाने में और कई मुकदमे पंजीकृत है। शंकरगढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गये अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वालों में उपनिरीक्षक गंगा राम सोनकर व कांस्टेबल रामबाबू तथा संतोष पटेल शामिल है। दूसरी तरफ सब इंस्पेक्टर अजीत कुमार वर्मा, सुमित कुमार वर्मा, ऋतुराज सिंह आदि ने फूलचंद्र पुत्र रघुनाथ (निवासी लखनपुर, शंकरगढ़), रघुनाथ पुत्र अवसेरी (निवासी लखनपुर), अजय कुमार नट पुत्र मेवालाल नट (निवासी हज्जी टोला, वार्ड एक, कस्बा शंकरगढ़), सोनू मांझी पुत्र सूरज प्रसाद मांझी (निवासी ग्राम कोनिया कला, जवा, रींवा, मध्यप्रदेश), आजाद पुत्र संतोष (निवासी ग्राम कोनिया कला, जवा, रींवा, मध्य प्रदेश) और ऋषभ मिश्र पुत्र अनिल कुमार मिश्र (निवासी कुठिला, जवा, रींवा, मध्यप्रदेश) का शांतिभंग में चालान किया है।

## न्यूज झरोखा

### ब्लड प्रेशर बुखार से पीड़ित शिक्षक का हुआ वीडियो वायरल, अचानक बीमारी का शिकार हुआ था शिक्षक




**रत्योरा।** विकासखंड कोरांव के प्राथमिक विद्यालय रवनिया में तैनात सहायक अध्यापक आलोक सिंह का स्कूल कक्ष में ही तखत पर लेटने का वीडियो वायरल होने के बाद विभागीय अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी। स्पष्टीकरण में शिक्षक ने बताया कि बुखार व ब्लड प्रेशर से पीड़ित था, अचानक चक्कर आ जाने के कारण कुर्सी के पास बगल में रखे तखत पर ही लेट गया। जिसकी सूचना प्रधानाध्यापक समेत ग्रामीणों को भी थी किंतु साजिश बस मेरा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया गया, और मेरी छवि को धूमिल किया गया। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना मेरा मकसद नहीं था, अचानक चक्कर आ जाने के कारण कुछ समय के लिए तखत पर लेट गया था। बुखार से पीड़ित व बीपी लो होने की समस्या को लेकर शिक्षक आलोक सिंह 19 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में उपचार कराया था और दवाएं ली थी। जिसके बाद विद्यालय में अचानक चक्कर आ जाने के कारण शिक्षक आलोक सिंह तखत पर लेट गए थे प्रधानाध्यापक ने भी इस बात की पुष्टि की है।

### कूदर में संपन्न हुई संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता, प्रतिभागी बच्चों को किया गया पुरस्कृत



**रत्योरा।** विकासखंड कोरांव के न्याय पंचायत साजी की संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता कंपोजिट विद्यालय कूदर में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान छात्रधारी तिवारी ने किया। क्रीड़ा प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि मोहम्मद रिजवान खान खंड शिक्षा अधिकारी कोरांव शामिल हुए और छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतियोगिता में एआरपी अवधेश मिश्रा, एआरपी अमर बहादुर सिंह, एआरपी प्रभाकर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक प्रभात कुमार नोडल संकुल तथा व्यवस्थापक दीप नारायण सिंह शिक्षक संकुल, सोमधर भास्कर शिक्षक संकुल, अशोक कुमार शुक्ला शिक्षक संकुल, उमेश कुमार शिक्षक संकुल मौजूद रहे। कार्यक्रम की मेजबानी प्रधानाध्यापक लालता प्रसाद यादव द्वारा की गई। प्रतियोगिता में कमला शंकर सिंह पूर्व प्रधान, धनंजय शुक्ला समाजसेवी, प्रेम शंकर त्रिपाठी, सुशील कुमार सिंह रोजगार सेवक, युवराज सिंह समेत गांव के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन इंद्रमणि यादव ने किया।

### प्राथमिक विद्यालय मिजार्पुर में अभिवावक संघ की खुली बैठक



**प्रतापपुर।** प्राथमिक विद्यालय मिजार्पुर प्रतापपुर मे अध्यापक एवं छात्र अभिभावक संघ के मध्य खुली बैठक आयोजित हुई। जिसमें साफ सफाई व्यवस्था, अनुशासन, बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति, सभी बच्चों का आधार अनिवार्य रूप से बनवाना, कायाकल्प के अंदर होने वाले कार्यों के बारे मे विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया।शंकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विजेता टीम एवं छात्रों को उनके अभिभावकों के हाथों से पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीत कुमार पांडेय, सहायक अध्यापक प्रवीण सिंह, बड़ेलाल सोनकर, रीना गुप्ता एवं विद्यालय प्रबंध समिति के पुष्पेंद्र सिंह अभिवावक दिलीप कुमार, घनश्याम कुमार, माधो, अंकुश उपाध्याय, चटकीला देवी, सीता देवी, फूलचंद्र, अवधेश, प्रदीप, अनिल, धीरज सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ पुरोहित का निधन क्षेत्र हुआ शोकाकुल



**जंघई।** क्षेत्र के रधईपुर महरछा गांव निवासी एवं क्षेत्र के वरिष्ठ पुरोहित पंडित शंकर नाथ पांडेय का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। दोपहर में अचानक सीने में असहनीय दर्द होने पर परिजन स्थानीय जंघई बाजार में निजी अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तब तक सांसें थम चुकी थी। परिजनों एवं क्षेत्रीय लोगों में शोक की लहर दौड़ पड़ी सभी ने पहुंचकर शोक व्यक्त किया एवं अचानक निधन पर परिवार के प्रति गहरी सहानुभूति प्रकट किया।

### दो अलग अलग गांवों में मार पीट कई घायल मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस कर मारा पीटा गया और पैसा छीन लिया गया। एक अन्य गांवों में घर पर चढ कर जान से मारने की धमकी दी गई । पुलिस ने दोनों मामलों में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया सारी निवासी आशुतोष श्रीवास्तव पुत्र कृष्ण कुमार का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर विरोधी उसके घर में घुस कर मारे पीटे और उन्नीस सौ रुपया तथा कागज छिन कर भाग गए। आशुतोष ने मऊआइमा थाने में कुलदीप ,अंकित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उधर ग्राम घीनपुर निवासी राम सजीवन पटेल पुत्र हरिलाल का आरोप है कि उसके घर पर चढ कर कतिपय लोग अनायास गालियां दी और जान से मारने की धमकी भी दिए। रामसजीवन ने मऊआइमा थाने में सभालाल ,पप्पू ,क्षत्रपाल ,अवध पाल पटेल तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# सदस्यता अभियान को सफल बनाए सभी कार्यकर्ता : राम जी पटेल

**अखंड भारत संदेश**



**रत्योरा।** अपना दल (एस) यमुनापार प्रयागराज के मण्डल के प्रभारी नागेन्द्र प्रताप सिंह पटेल पूर्व सांसद फूलपुर राष्ट्रीय महासचिव अपनादल (एस) के निदेर्शानुसार वृहद सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु विधानसभा कोरांव में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रामजी सिंह पटेल के नेतृत्व में बैठक आहूत की गई। बैठक में वृहद सदस्यता अभियान के अलावा कई मुद्दों को लेकर चर्चा परिचर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय सचिव रामजी सिंह पटेल ने उपस्थित कार्यकताओं व पदाधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता सदस्यता अभियान को सफल बनाने का काम करें। हर एक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में कम से कम 50 सदस्य बनाने का काम करें जिससे पार्टी का यह अभियान सफल हो सके। बैठक में प्रमुख रूप से चिकित्सा मंच के जिलाध्यक्ष डॉ0 हरिश्चंद्र पटेल, जिलाउपाध्यक्ष लालशास्त्री पटेल, जिला मीडिया प्रभारी सम्राट राहुल मौर्य, अबरार हुसैन जिला सचिव(अल्पसंख्यक मंच), अरुण पटेल, अनिल कुमार सिंह उर्फ कमलाकर पटेल विधानसभा अध्यक्ष(युवा मंच), विधानसभा महासचिव फूलचंद्र पटेल, विधानसभा अध्यक्ष महिला मंच रेशमा बानो, प्रभाकर सिंह पटेल विधानसभा सचिव, शुनील कुशवाहा, आशीष यादव आदि लोग उपस्थित रहे। ज्ञातव्य हो कि अपना दल (एस) पार्टी द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में चलाये जा रहे विशेष वृहद सदस्यता अभियान को सफल बनाने व जनपद प्रयागराज में ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी की सक्रिय सदस्यता दिलाने हेतु योजना बनाई गई। अन्य पार्टियों को छोड़ कर जो आना चाहते हैं उन्हें विशेष महत्व व सम्मान दिये जाने हेतु भी विचार किया गया। जनपद यमुनापार के पांचों विधानसभा में विधानसभा वार योजना बनाकर सभी कार्यकताओं के सहयोग के साथ विशेष अभियान चलाया जाएगा, व ज्यादा से ज्यादा लोगों से सम्पर्क करते हुए उन्हें पार्टी में जोड़ा जाएगा।

# आशा कार्यकताओं ने भुगतान को लेकर एसडीएम मेजा को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा रोड।** मेजा विकास खंड में आशा कार्यकताओं के अनुसार उनका एडिशनल माहवार भुगतान मार्च से नहीं दिया जा रहा है।इसी मामलों सहित 20 मांगो को लेकर बीते मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा से संबंधित आशा बहुओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर के तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए उप जिलाधिकारी मेजा को 20 सूत्री ज्ञापन सौंपा था, जिसमें उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा के अधीक्षक ओमप्रकाश पर आरोप लगाते हुए कहा कि समस्त आशा बहुओं का मार्च 2022 से अब तक का एडिशनल माहवार भुगतान नहीं किया गया है। उप जिलाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए 20 मांगो में प्रथम मांग को उन्होंने बुधवार को स्वयं जाकर के उनका पेमेंट दिलाने का आश्वासन दिया था। इसी कड़ी में उपजिलाधिकारी मेजा विनोद कुमार पाण्डेय बुधवार को ठीक 10 बजे अस्पताल पहुंचकर अधीक्षक से बात की तो अधीक्षक ने बजट न आने का हवाला देकर भुगतान में देरी होने की बात कही। उन्होंने कहा कि बजट आ गया है। शीघ्र ही आशा बहुओं को उनका भुगतान कर दिया जाएगा। इस संबंध में अधीक्षक से बात की गई तो उन्होंने बताया की बजाय आ गया है,बिल मेंटेन हो रहा है शीघ्र ही उनका भुगतान कर दिया जाएगा। अब सवाल यह उठता है कि मेजा अस्पताल भी उसी मां की तरह है।यदि आशा बहुओं ने मंगलवार को तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी से अपनी समस्या का ज्ञापन न दिया होता तो शायद उनका भुगतान और आगे भी टाल सकता था, लेकिन मामले को एसडीएम ने गंभीरता से लेते हुए अधीक्षक से बुधवार को जाकर बात की और उन्होंने आशा बहुओं का भुगतान शीघ्र करने के लिए कहा। इस मामले में जब अधीक्षक ओमप्रकाश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बजट आ गया है सभी आशा बहुओं का बिल मेंटेन हो रहा है। शीघ्र ही भुगतान कर दिया जाएगा।

# ग्राम पंचायत अल्हवा कोटेदार ने एमडीएम खाद्यान्न का किया गबन!

## ग्राम पंचायत प्रधान ने किया विद्यालय का निरीक्षण, बी ई ओ कोरांव और एसडीएम आपूर्ति विभाग को किया सूचित

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा\कोराव।** उचित दर विक्रेताओं की मनमानी से सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था पंगु होने से सरकार की किरकिरी हो रही है। इतना तक कि विद्यालय के छात्रों को दिए जाने वाला एमडीएम भी समय से न देकर घोटाला कर दे रहे हैं,किंतु शिकायत पर भी कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा,जिसकी शिकायत उच्च स्तर पर की गई। 24 अगस्त को ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने प्राथमिक विद्यालय अल्हवा का निरीक्षण किया। प्रधान अध्यापक पंकज कुमार दीक्षित से एमडीएम पोसाहार के बारे में पूंछा गया तो उन्होंने बताया कि मार्च 2022 से अब तक उचीतदर विक्रेता ने पोषाहार खाद्यान्न विद्यालय/ग्राम पंचायत प्रशासनिक समिति को नहीं उपलब्ध कराया। जिससे ग्राम प्रधान द्वारा किसी तरक व्यवस्था कर के बच्चों को एमडीएम की व्यवस्था सुचारू रूप से चलाई जा रही है। विद्यालय तथा ग्राम प्रधान द्वारा अब तक सितंबर माह 2021 से 23/8/2022 तक कुल 564,400 किलो ग्राम गेहुं,1045,5 किलो ग्राम चावल बच्चों को खिलाया गया। जबकि उक्त बच्चों के हितार्थ गेहूं 70,4 किलोग्राम,और चावल 141,5 किलोग्राम अधिक खिलाया जा चुका है। विद्यालय में कुल 116 छात्र उपस्थित मिले। और दो अध्यापक मौजूद रहे। छात्रों की कुल 165 संख्या के हिसाब से कुल छ टीचर की आवश्यकता है। जिससे बच्चों का भविष्य न खराब हो। विद्यालय में बौंड्रीवाल सहित कायाकल्प की नितांत आवश्यकता है। ग्राम प्रधान के अनुसार उक्त ग्राम पंचायत के पास इतना धन नहीं है कि कायाकल्प हो सके। वे खुद इस बात के लिए चिंतित हैं। इसी प्रकार उक्त विद्यालय परिसर में विद्यालय के एक कक्ष में आंगनबाणी भवन न होने के कारण कब्जा है। भवन हेतु समिति प्रधान ने पत्र व्यवहार किया है,किंतु कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। आंगनबानी भवन की नितांत जरूरत है। मीनू के अनुसार भी एमडीएम बाल विकास पुष्ट आहार विभाग द्वारा बच्चों को कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। कार्यकर्ती आंगणबानी सोनकली ने बताया कि कोटेदार से कई बार कहा किंतु सरकार से उपलब्ध खाद्यान्न नहीं मुहैया किया। कोटेदार का पुत्र टाल मटोल करता है। लगता है गबन कर लिया है।

### क्या बोले प्रधान अध्यापक



में कोटेदार से फोन पर वार्ता किया तो उसके पुत्र ने बताया में सीतापुर जा रहा हूं। समय दीजिए खाद्यान्न की व्यवस्था करूंगा। जबकि वास्तविक कोटेदार मौन रहता है। हमने ग्राम प्रधान जी को भी अवगत करा दिया है। संयुक्त रूप से एक तहरीर भी कार्यवाही हेतु खंड शिक्षा अधिकारी कोराव आदि को प्रेषित कर दी है। जिससे प्रथिमिकी दर्ज हो सके।

**पंकल कुमार दीक्षित प्रधानअध्यापक प्रा.वि. अल्हवा**



उक्त संदर्भ में आपूर्ति अधिकारी से वार्ता कर और यह पता लगवा कर जानकारी ले रहा हूं कि कोटेदार ने जब खाद्य उठाया गोदाम से और क्यों इतने दिन तक वितरित नहीं किया, तदनुसार प्रथिमिक्की दर्ज कराई जाएगी। और भी समस्याओं का निदान किया जायेगा।

**रिजवान अहमद, खंड शिक्षा अधिकारी कोराव प्रयागराज,**



मेरे विद्यालय गांव का खाद्यान्न फिंगर लगवा कर कोटेदार ने काफी लोगों का जीवन कर लिया है। एसडीएम के यहां कार्ड धारकों का बयान करा दिया गया है। एमडीएम का भी खाद्यान्न गबन कर लिया कोटेदार ने,और आंगनबानी का भी बच्चों का पोषाहार नहीं दिया। उक्त कोटेदार के स्थान पर उसका पुत्र ही मालिकाना दिखाता है। तरह तरह की धमकियों के चलते उसके विरुद्ध कार्यवाही की मांग भी किया है। मांग है कि कोटेदार के खिलाफ अधिकारी प्रथिमिकी दर्ज कराएं और निलंबित कर नए कोटेदार का चयन करें।

**अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ग्राम प्रधान अल्हवा कोरांव प्रयागराज।**

## खबर संक्षेप

### रहस्यमय ढंग से विवाहिता गायब, दर्ज हुआ मुकदमा

**मऊआइमा।** रहस्यमय ढंग से ससुराल से विवाहिता गायब हो गई। विवाहिता के भाई ने मऊआइमा थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार सोरांव के ग्राम रोहित निवासी हरिश्चन्द्र पुत्र भुल्लर सरोज का कहना है कि उसकी बहन फोटो देवी। 26 वर्ष की शादी मऊआइमा के ग्राम मऊदोस्तपुर में हुई थी। हरिश्चन्द्र का कहना है कि उसकी बहन रहस्य ढंग से गायब हो गई है। जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट मऊआइमा थाने में दर्ज करायी गयी है। मयके वाले किन्हीं अनहोनी से सहमे हुए हैं।

### पेड काटने पर चार पर मुकदमा

**मऊआइमा।** बिना परमीशन के महुआ का पेड काटने पर वन रक्षक ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय लहुरी स्थित प्राइमरी स्कूल में लगे महुआ का हरा भरा पेड को बिना परमीशन के काट देने पर वन रक्षक फूलपुर ने मऊआइमा थाने में सुभाष पुत्र राम औतार ,सुरेश पुत्र छोटेलाल, अजय कुमार पुत्र हरिशचन्द्र सभी निवासीगण सराय लहुरी जबकि शौकत अली पुत्र मोहम्मद अली ग्राम कुरगांव गंजयू का पूरा थाना सोरांव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# मम्फोर्डगंज में आग से हजारों का सामान हुआ जलकर राख

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मंफोर्डगंज के एचआईजी कॉलोनी के एक मकान में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई आग से मकान में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने मकान में ताले तोड़ने के बाद घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया । दीया से आग लगने की बात सामने आई है।

**विदेश में रहते हैं मकान मालिक, दोनों तल पर नहीं थे किराएदार :**

कर्नलगंज थाना क्षेत्र के मंफोर्डगंज मोहल्ले में एचआईजी कॉलोनी है वहां गौरव श्रीवास्तव का 3 मंजिला मकान है गौरव विदेश में रहते हैं उनके भूतल की जिम्मेदारी केयरटेकर को दी गई है जबकि प्रथम और द्वितीय तल में किराएदार हैं । बुधवार को मकान में कोई नहीं था और बाहर से ताला बंद था दोपहर में अचानक भूतल से धुआं उठने लगा यह देख पड़ोसियों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी । सूचना पर कर्नलगंज थाने की पुलिस के साथ ही अग्निशमन कर्मी भी दमकल के साथ पहुंच गए । जो कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया, मगर तब तक मकान में रखा बेड रजाई गद्दा आदि गृहस्थी के सामान जल चुके थे। सीएफओ डॉ आर के पांडेय ने बताया कि गौरव श्रीवास्तव विदेश में रहते हैं उनके भूतल पर केयर टेकर को जिम्मेदारी दी गई है केयरटेकर रोज की तरह आज भी घर में पूजा के दौरान दीपक जलाया और ताला बंद कर वहां से चला गया । उस दौरान ताला तोड़कर आग पर काबू पाया गया । तथा जलाए गए दीपक से आग लग गई जिससे हजारों का सामान जलकर राख हो गया।



### एनसीसी की भर्ती में उमड़े छात्र-छात्राएं

**हनुमानगंज।** तिलक इण्टर कालेज कोटवा व जमुनीपुर स्थित मोती लाल इंटर कालेज में एनसीसी की भर्ती सकुशल सम्पन्न हो गयी। भर्ती प्रक्रिया के पाँच चरणों में पूरी हुई जिसमे 165 सेमी लम्बाई, 800मीटर की दौड़, लिखित परीक्षा, मौखिक परीक्षा एवं फीजिकल टेस्ट हुआ। तिलक इंटर कालेज में भर्ती प्रक्रिया में सत्तर छात्रों एवं नौ छात्राओ ने भाग लिया भर्ती प्रक्रिया पन्द्रह यूपी बटालियन एनसीसी के सूबेदार सतीश कुमार सिंह , हवलदार सुनिल कुमार, हवलदार करन कुमार के कुशल देख-रेख में सम्पन्न हुई। एनसीसी के एएनओ एवं कालेज के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट मनोज कुमार सिंह ने बताया कि एनसीसी में चयन के बाद छात्र-छात्राओ को कठिन ट्रेनिंग दी जायेगी। जिससे आगे चलकर ये कैडेट सशस्त्र सेनाओं में भर्ती होकर देश की सेवा करें। भर्ती प्रक्रिया में कालेज के शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह, अभिषेक मिश्रा,जावेद अख्तर, आकाश बरनवाल, जयशंकर सिंह, अरविंद यादव, घनश्याम सिंह, उमलेश चौरसिया आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## बेरहमी : कलयुगी बेटे ने अपनी ही मां को घर से निकाला, दरवाजे पर जड़ दिया ताला

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** एक 75 वर्षीय बूढ़ी मां की दर्द भरी दास्तां सुनकर हर किसी की आँखें पसीझ जाती है। लेकिन उसके कलयुगी कलेजे के टुकड़े का दिल नहीं पसीझा। एक कलयुगी बेटे और बहू ने अपनी 75 वर्षीय बूढ़ी मां को घर से निकाल कर ताला जड़ दिया। और खुद अपनी पत्नी और बच्चों के साथ झूंसी में एक किराए के कमरे में रहने लगा। इधर लाचार बूढ़ी. मां के उपर दुखों का पहाड़ टूटपडा. उसने कहा कि इतना दुख तब नहीं हुआ था जब मेरे पती गुजर गए थे और मैं विधवा हो गई थी। उस वक्त शायद उसने सोचा कि मेरे बुढ़ापे का सहारा मेरा बेटा मेरे साथ है। लेकिन उसे कहां पता था की वही सहारा मेरे लिए अविशाप बन जाएगा।यह दर्द भरी कहानी प्रयागराज जिले के बहादुरपुर ब्लाक के दरियापुर उर्फ गुलालपुर गांव की रहने वाली एक 75वर्षीय सोना देवी पत्नी स्व, अमृतलाल कुशवाहा की है। जिसे सुनकर हर किसी का दिल बाग बाग हो जाता है। वृद्धा सोना देवी के पती स्वर्गीय अमृत लाल कुशवाहा की मृत्यु करीब 6 वर्ष पहले ही होगई थी। सोना देवी के दो बेटे और एक बेटी है। बड़ा बेटा सूर्यभान कुशवाहा व उसकी पत्नी कुशलावती की बीमारी के चलते करीब 12 वर्ष पहले ही दोनों की मृत्यु हो गई थी उसके दो बेटियां हैं।जो गांव मे ही रहती हैं। छोटा बेटा चंद्रभान कुशवाहा अपनी पत्नी और बच्चों के साथ झूंसी में एक किराए के मकान में रहता है और एक बेटी है जिसकी शादी सैदाबाद के बरियापुर गांव में हुई है।वह अपने ससुराल में रहती है।बताया जाता है कि पिछले फरवरी मांह में उसके छोटे बेटे चंद्रभान कुशवाहा बहू सुनीता देवी गांव में आए और अपनी बूढ़ी मां को घर से निकाल कर ताला लगा कर झूंसी चले गए उसके बाद से उसकी बूढ़ी मां दिन में तो गांव में टहल कर अपना पेट भर लेती थी लेकिन जाडे.? की रात में वह खुले आसमान के नीचे सोया करती थी। जिसे देख गांव के लोगों ने एक दिन 111 नंबर पर डायल कर पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने गांव के लोगों की मदद से ताला खुलवा कर वृद्धा को फिर से घर के अंदर कर दिया। इसकी भनक जब उसके बेटे चंद्रभान और बहू सुनीता को हुई तो 4 दिन बाद दोनों आए और अपनी बूढ़ी मां को फिर घर से निकाल कर ताला जड़ दिया। तबसे बेसहारा और लाचार मां गांव में घूम घूमकर लोगों के यहां सहारा लेने लगी गांव के कुछ धर्म वान उसे दो वक्त की रोटी और कपड़े उसी दिन से देने लगे दिन भर गांव में टहलती थी रात को किसी के यहां सहारा लेकर बैठ जाती थी। लोग जब उसके बटे के बारे मे पुछते हैं तो वो फफक कर रोने लगती है जिसे देख हरकिसी के आंखों मे आंसू छलक पड़ते हैं। लोगों ने बताया कि कुछ दिन अपनी बेटी के यहां भी रही बाद में वो? भी उसे जाने को कह दिया।

### बारिश में भीग रही बूढ़ी मां को प्रधान ने दिया सहारा, वृद्धा आश्रम तक पहुंचाने की प्रधान ने की पहल, लिखा पत्र




**गांव के प्रधान ने वृद्ध महिला को दिया सहारा :** आज से 25 दिन पहले गांव के प्रधान उदयभान कुशवाहा जो झूंसी में रहते हैं वह शाम को जब कार से अपने गांव जा रहे थे?। तभी देखा कि रास्ते में सड़क के किनारे एक वृद्ध महिला खुले आसमान के नीचे बारिश मे भीगती हुई कांप रही है। वह गाड़ी से नीचे उतरे तो देखा कि वृद्धा महिला उनके गांव की है।पूछने पर उसने बताया कि उसके बेटे व बहू ने उसे घर से निकाल दिया है यह कहकर बूढ़ी मां फफक पड़ी तब प्रधान उसे अपने साथ घर ले आए। वृद्धा भीगजाने से उसकी तबियत खराब हो गई थी। प्रधान ने डॉक्टर बुला कर उसका उपचार कराया। अब वह पूरी तरह से स्वस्थ है। और उन्हीं के यहां रह रही है। गांव के लोगों ने उसके बेटे को बहुत समझाने की कोशिश की कहा अपनी मां को अपने साथ रखो लेकिन वह किसी की नहीं सुना और कहने पर वह भड़क उठता है। गांव के प्रधान उदयभान कुशवाहा ने एक लीखित प्रार्थना पत्र क्षेत्रीय विधायक प्रवीण सिंह पटेल व डीएम प्रयागराज तथा एसडीएम फूलपुर को दिया और उक्त प्रार्थना पत्र इस आशय के साथ दिया गया कि वृद्धा महिला को वृद्धा आश्रम में रहने की ब्यवस्था की जाय जहां अभीतक सिर्फ आश्वासन ही मिला है।

इसकी जानकारी उपजिलाधिकारी फूलपुर को भी दी गई लेकिन महिला को अब तक कहीं से कुछ राहत नहीं मिला। गांव के प्रधान ने बताया कि पूर्व में सन 2017-18, में सोना देवी को इंदिरा आवास आवंटित किया गया था जिसमे आज तक छत नहीं पड़ सका है। उसीके बगल छप्पर डालकर उसके बड़े बेटे स्वर्गीय सूर्यभान की दो पुत्रियां रहती हैं।

बेटे चंद्रभान कुशवाहा के मुताबिक उसने बताया कि मेरे पिता ने घर की संपत्ति करीब 5 विश्वा जमीन और घर को पूर्व में बेंच दिया था और जिस मकान में रहने की बात कही जा रही है वह मेरी पत्नी के नाम से है जिसे हमारे ससुर चिंतामणि ने तीस हजार में खरीदा था। बूढ़ी मां को जहां सरकारी आवास मिला है वहीं जाकर रहें।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता आज भी नहीं करेंगे न्यायिक कार्य

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने बुधवार की शाम फिर बैठक कर बृहस्पतिवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है। इससे पूर्व बुधवार की सुबह अधिवक्ता हाईकोर्ट के सामने खड़े हो गए और किसी को परिसर में नहीं जाने दिया। उधर, न्यायाधीशगण सुबह 10 बजे अपनी-अपनी अदालतों में आकर बैठे लेकिन वकीलों के विरोध की वजह से उठकर चले गए। परिणामस्वरूप कोर्ट में भी कोई कामकाज नहीं हुआ।अधिवक्ता मुकदमों के दाखिले में अनावश्यक देरी, नए मुकदमों, सप्लीमेंट्री व अनलिस्टेड मुकदमों के सूचीबद्ध न होने सहित विभिन्न समस्याओं का निस्तारण न होने से आक्रोशित हैं। वकीलों ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधाकांत ओझा की अगुवाई में बुधवार की शाम बैठक की। इसमें अधिवक्ताओं से जुड़ी समस्याओं पर विचार व मंथन किया गया। कहा गया कि अधिवक्ताओं की समस्याओं पर छह माह में कई बार मुख्य न्यायमूर्ति व अन्य न्यायमूर्तियों के साथ वार्ता की गई किंतु समस्याएं ज्यों की त्यों बनी हुई हैं।अध्यक्ष ने कहा कि मुकदमों के दाखिले में अनावश्यक रूप से 10 से 15 दिनों का समय लग रहा है। एनआईसी द्वारा संचालित लिस्टिंग की सभी प्रक्रियाएं बुरी तरह से ध्वस्त हैं। वकालतनामा, जवाबी हलफनामा भी तत्काल रिकॉर्ड पर नहीं आ पा रहा है। मुकदमों के मैसेज समय पर न आने की समस्या बनी हुई है।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने न्यायमूर्तियों की संख्या कम होने पर भी एतराज जताया। कहा कि 160 के मुकाबले 100 न्यायमूर्ति ही कार्य कर रहे हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि जजों के शेष पदों पर तत्काल नियुक्ति की जाए। चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो पुरजोर विरोध किया जाएगा। महासचिव सत्यधीर सिंह जादौन ने कहा कि समस्याओं का निदान अगर नहीं होता है तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। बैठक में मनोज कुमार मिश्र, नीरज कुमार त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह यादव, सत्यम पांडेय, श्यामा चरण त्रिपाठी, यादवेश यादव, आशुतोष त्रिपाठी, उष्मा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## तेजी से बढ़ रहा है जलस्तर, खतरे के निशान के करीब पहुंची गंगा यमुना

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में गंगा यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इससे कछारी इलाकों में रहने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। गंगा व यमुना खतरे के निशान के गरीब पहुंचने लगी हैं। नैनी, फाफामऊ, राजापुर, गंगानगर, दारागंज आदि इलाकों में गंगा के तटवर्ती कालोनियों में पानी भरने लगा है। लोग पलायन की तैयारी कर रहे हैं। प्रशासन म अपने स्तर से बचाव कार्य में जुट गया क ।ई इलाकों में नौका का संचालन किया जा रहा है। शहर में कई जगह पर राहत शिविर स्थापित कर दिया गया है। कोटा में पांच लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद जालंधर में तेजी से वृद्धि हो रही है।



## नाबालिग लड़की से दरिंदगी का केस, युवक हुआ फरार

**प्रयागराज।** पिछले 14 दिनों से अस्पताल में भर्ती किशोरी का मेडिको लीगल होगा, इसके बाद डाक्टरों की रिपोर्ट पर सामूहिक दुष्कर्म का केस कौंधियारा थाने में दर्ज किया जाएगा। मामला उजागर होने पर बुधवार को एसपी यमुनापार और सीओ बारा गौहनिया स्थित अस्पताल पहुंचे और पीड़ित लड़की के घरवालों से पूछताछ की। पीड़िता के घर से लेकर घटनास्थल तक का निरीक्षण किया। फिर लिखित शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू करवाई, जिसके आधार पर कौंधियारा पुलिस ने आरोपित युवकों की तलाश में कई जगह दबिश दी, लेकिन कोई पकड़ में नहीं आया। इस पूरे घटनाक्रम में कौंधियारा पुलिस की भी लापरवाही सामने आई है। कौंधियारा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले किशोरी बीएससी की छात्रा है। उसके परिवार का आरोप है कि 10 अगस्त की रात दूसरे गांव का एक युवक अपने दो साथियों के साथ आया। इसके बाद लड़की को अपने साथ उठा ले गया। उन सबने लड़की के साथ क्रूरता के साथ वहशियाना हरकत की। उसके नाजुक अंगों पर चोट पहुंचाई और पीटा फिर सड़क किनारे छोड़कर भाग गए। घटना के बाद डायल 112 की टीम जख्मी किशोरी को सीएचसी कौंधियारा ले गई, जहां पर डाक्टरों ने स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मगर घरवालों ने उसे गौहनिया स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डाक्टर दुर्घटना मानकर किशोरी का इलाज करते रहे।इसी बीच 18 अगस्त को परिवार ने सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने सड़क हादसे का केस दर्ज किया था। बुधवार को एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए। तब एसपी यमुनापार ने पीड़ित परिवार से बातचीत करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**बाइक से ले गया था युवक :** पुलिस की जांच में यह भी पता चला है कि लड़की और आरोपित युवक के बीच पहले संपर्क था। युवक ने किशोरी को एक लैपटाप गिफ्ट दिया था, जिसका वह इस्तेमाल करती थी। यह बात भी सामने आई है कि 10 अगस्त की रात युवक बाइक पर उसे अपने साथ ले गया था। इस दौरान युवक का एक दूसरी लड़की से मोबाइल पर बात हुई थी। इसके बाद ही घटना हुई। हालांकि युवक के पकड़े जाने और युवती के बयान पर घटना में शामिल अन्य युवकों का नाम सामने आएगा। पीड़ित परिवार ने पुलिस को यह भी बताया कि तीन माह पहले आरोपित युवक ने किशोरी से छेड़छाड़ की थी, जिस परउसकी पिटाई हुई थी। मगर उस मामले में मुकदमा नहीं लिखा गया था।

**मामले को दबाने में जुटे रहे थानेदार :** अधिकारियों की जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि कौंधियारा थाने के थानाध्यक्ष मामले को दबाने में जुट रहे। लिखित शिकायत मिलने के बाद भी उन्होंने प्रकरण की गंभीरता से न तो जांच की और न ही उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। पीड़ित परिवार ने एक दारोगा पर भी तहरीर लेने के बाद मुकदमा कायम करने में हीलाहवाली करते रहे और किशोरी को मानसिक रूप से परेशान होने का आरोप लगाया था।

**एसपी यमुनापार का यह है कहना :** लिखित शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपित युवक के बारे में भी कई जानकारी मिली है और उसकी तलाश चल रही है। पीड़िता का मेडिकल लीगल कराया जाएगा। मेडिकल रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा कायम कर कार्रवाई की जाएगी।

**सौरभ दीक्षित, एसपी यमुनापार।**

# सेवादल के स्वयंसेवकों ने शिवराम हरी राजगुरु को दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** बुधवार को कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक और संस्थापक नारायण सुब्बाराव हार्डिकर के शिष्य रहे और भगत सिंह के साथ फांसी पर चढ़ जाने वाले शहीद शिवराम हरी राजगुरु 115 वी जयंती पर कांग्रेस सेवा दल के स्वयंसेवकों ने शिवराम हरी राजगुरु को श्रद्धांजलि दी।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सेवादल के स्वयंसेवकों ने हनुमान मंदिर चौराहे से सुभाष चौराहे तक संध्यावंदन पदयात्रा निकली ।पदयात्रा वन्देमातरम गीत के साथ आरंभ हुई और फिर स्वयं सेवकों ने अनेक देशभक्ति के गीत गाए और फिर सुभाष चौराहे पर पहुंच कर राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम पूर्ण किया । कांग्रेस सेवा दल प्रदेश मुख्य संघटक डॉक्टर प्रमोद कुमार पांडेय एवं जोनल अध्यक्ष राजेश सिंह काली विशेष रूप से उपस्थिति रही । प्रदेश मुख्य संगठक डॉ प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया की यही शहीद शिवराम राजगुरु की 115 वीं जयंती है । शहीद शिवराम राजगुरु 1924 से 1927 के बीच कांग्रेस सेवा दल के सदस्य रहे । और 23 मार्च 1931 में भगत सिंह सुखदेव के साथ सर्वोच्च बलिदान दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष यमुनापार अरुण तिवारी, शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमान और गंगारापार जिलाध्यक्ष सुरेश यादव ने भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर मुख्य संघटक प्रयागराज अभिनीत कुशवाहा ने बताया की सन 24 अगस्त 1908 में खेड़ जिले (महाराष्ट्र) में जन्मे शहीद शिवराम राजगुरु को व्व्याम विषारद की उपाधि हासिल हुई थी । सेवादल में व्यायाम का प्रशिक्षण देते हुए उन्होंने अपने वजन से 3 गुना भारी ईरानी पहलवान को हरा दिया था । इस दौरान प्रतापगढ़ के मुख्य संघटक महेंद्र शुक्ला ध्वज रक्षक अनुज यादव जिला उपाध्यक्ष शिवम पांडे एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय यादव महा सचिव अमित द्विवेदी, विवेक पांडे ईर्षदुल्ला उल्लाह शिवम पटेल हरिकेश हैरी, डॉक्टर दिनेश सोनी, निशांत रस्तोगी अवतार गांधी, असीम राय अविनाश वर्मा आदि रहे।

## बाहुबली माफिया पूर्व सांसद अतीक अहमद पर बड़ी कार्रवाई, 76 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद को पुलिस ने 76 करोड़ का एक और झटका दिया। धूमनगंज के शाहा उर्फ पीपलगांव, अकबरपुर व पिपरी के रहिमाबाद स्थित उसके कब्जे वाली 12 बीघा जमीन कुर्क कर दी। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत की गई। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे निवर्तमान एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह धूमनगंज व पूरामुफ्ती थाने की फोर्स लेकर सबसे पहले शाहा उर्फ पीपलगांव पहुंचे। यहां अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन के नाम पर दर्ज भूखंड को मुनादी करवाने के बाद कुर्क कर दिया। इसके बाद अकबरपुर और फिर पिपरी थाना क्षेत्र के रहिमाबाद स्थित अतीक के कब्जे वाले दो बेशकीमती भूखंडों को कुर्क किया गया। इससे पहले डुगडुगी भी बजवाई गई। कुर्की के बाद पुलिस ने तीनों भूखंडों पर कार्रवाई की सूचना संबंधी नोटिस वाला बोर्ड भी चस्पा कर दिया। इस दौरान पुलिस के साथ ही प्रशासनिक अफसर भी मौजूद रहे। 12 दिन में ही 100 करोड़ की चोट : पुलिस के दावों को सही माना जाए तो अतीक को पिछले 12 दिन के भीतर ही 100 करोड़ की चोट दी जा चुकी है। 12 अगस्त को उसकी 24 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति कुर्क की गई थी। यह संपत्ति बेशकीमती भूखंड के रूप में है जो चायल तहसील के रसूलाबाद उर्फ कोईलहा गांव में स्थित है।धूमनगंज में दो साल पहले दर्ज गैंगस्टर के मुकदमे में यह कार्रवाई की गई है। अतीक के बाद अब इस मुकदमे में नामजद अन्य अभियुक्तों की संपत्तियों को भी खोजा जा रहा है।

**- दिनेश कुमार सिंह, निवर्तमान एसपी सिटी**

## दरोगा का बेटा फोन पर बातें करते हुए फंदे पर लटका

**प्रयागराज।** कैंट के राजापुर में दरोगा के बेटे रजनीश पांडेय (25) ने फोन पर बातें करते हुए फंदे पर लटककर जान दे दी। पुलिस दरवाजा तोड़कर दाखिल हुई तो उसके कान में ईयर फोन लगा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजन भी शहर के लिए चल लिए हैं।रजनीश मूल रूप से गोरखपुर के कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के मैसला गांव का रहने वाला था। उसके पिता हरिमाधो पांडेय पुलिस विभाग में दीवान थे, जो वर्तमान में प्रोन्नत होकर उन्नाव में दरोगा की ट्रेनिंग कर रहे हैं। रजनीश राजापुर के ऊंचवागढ़ी मोहल्ले में डॉ. कमालुद्दीन के मकान में किराये पर कमरा लेकर रहता था। उसकी बहन अंजलि सिविल लाइंस में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार शाम 4.30 बजे के करीब घरवालों ने कई बार फोन लगाया लेकिन रजनीश ने जवाब नहीं दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची तो कमरे का दरवाजा भीतर से बंद था। किसी तरह पुलिसकर्मी भीतर दाखिल हुए तो वह फंदे पर लटका मिला। सूचना मिली तो बहन भी आ गई।

## संदिग्ध बीमारी का प्रकोप :

# क्षेत्र में रोज हो रही दर्जनभर सुअरों की मौत

आलोक गुप्ता

**पिछले एक माह से अनवरत चल रहा मौतों का सिलसिला, संदिग्ध बीमारी को लेकर सुअर पालकों में भय का माहौल, सुअर की मौतों से नगर पंचायत शंकरगढ़ के लोगों में भी दहशत का माहौल**

**शंकरगढ़।** क्षेत्र में इन दिनों संदिग्ध बीमारी के प्रकोप से सुअरों की मौत हो रही है। सुअरों की मौतों का सिलसिला पिछले माहभर से अनवरत चला आ रहा है। शुरूआत एक-दो सुअरों से हुई थी। धीरे-धीरे यह संख्या बढ़ने लगी और अब रोजाना दस से 15 सुअरों की मौत रोजाना हो रही है। माहभर में अकेले शंकरगढ़ में 150 से अधिक सुअरों की मौत हो चुकी है।यही हाल पूरे जिले का है। इससे सुअर पालक खासे परेशान हैं और अनजान बीमारी की वजह से सुअरों का औने-पौने दाम में सौदा कर रहे हैं। बावजूद इसके कोई खरीदने को भी तैयार नहीं है। सुअर पालकों का कहना है कि उन लोगों ने पशुपालन विभाग से संपर्क किया, लेकिन वहां से कोई मदद नहीं मिली। जिसकी वजह से न तो बीमारी का पता लग पा रहा है और न ही सुअरों का इलाज हो पा रहा है। ऐसे में स्थानीय सुअर पालकों में आशंका यह घर कर रही है कि कहीं यह अमेरिकन स्वाइन फीवर का आगाज तो नहीं है। संदिग्ध बीमारी की चपेट में आने वाली सुअरों को लोग आसपास के गड्ढों, नदी-नालों में फेंक रहे हैं। इससे बीमारी के और फैलने का संकट गहराता जा रहा है।

स्थानीय सुअर पालक रामबाबू ने बताया कि ऐसा हमने पहले कभी नहीं देखा है। जिस तरीके से सूअरों मौत हो रही है, यह लोगों में भय पैदा कर रहा है। किस प्रकार के वायरस या बीमारी से सुअरों की मौत हो रही है, यह भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है, जिससे इलाज भी नहीं हो पा रहा है। रामबाबू के मुताबिक वह बीते 25 वर्ष से सुअर पालन का धंधा कर रहे हैं, लेकिन इस तरह की बीमारी का सामना वह पहली दफा कर रहे हैं। मजबूरी में वह सुअरों को औने-पौने दाम पर बेच रहे हैं, लेकिन बीमारी के भय की वजह से कोई खरीदार नहीं मिल रहा है। इसीतरह सियाराम ने बताया कि बीते पखवारेभर में उनकी 10 सूअरों की मौत हो चुकी है।

कमोवेश यही स्थिति सुअर पालक बद्री, लखन और हीरा की है। रामबाबू चौकीदार भी रहस्यमयी बीमारी से हो रही सुअरों की मौत से खासे परेशान हैं। नगर पंचायत शंकरगढ़ के सफाईकर्मी इंचार्ज कौशल कुमार ने बताया कि पिछले माहभर से सुअरों की मौत का सिलसिला चल रहा है, जिससे कस्बे की साफ-सफाई में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल संदिग्ध बीमारी से कालकवलित हो रही सुअरों के अवशेष को लोग इधर-उधर फेंक रहे हैं, जिसे चंगली जानवर, चील-कौवे और कुत्ते नोच रहे हैं। इससे लोगों में भय व्याप्त है। इस मामले में स्थानीय पशु चिकित्साधिकारी से संपर्क किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

### 15 दिनों के अंदर 10 से अधिक विद्यालय को चोरों ने बनाया निशाना

**करछना।** थाना क्षेत्र में बीते 15 दिनों के अंदर दस से अधिक विद्यालय का ताला व दीवाल तोड़कर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे चुका है। लगातार हो रही चोरी की घटना से लोगों में भय व दहशत का माहौल है। फिर भी पुलिस अपराधी व चोरों पर अंकुश लगाने के बजाय हाथ पर हाथ धरे बैठी है। मंगलवार की रात क्षेत्र के देवरी कला गांव स्थित संविलियन विद्यालय में अज्ञात चोरों ने विद्यालय को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर बर्तन,खेलकूद का सामान, सहित अन्य कई कीमती सामान को उठा ले गए। सुबह विद्यालय खोलने पहुंचे कर्मचारियों ने देखा तो हड़कंप मच गया। जिसकी जानकारी कर्मचारियों ने फोन के माध्यम से डायल 112 पुलिस को दिया। सूचना होने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर चली गई । उसी रात को करछना थाना परिषर से महज शव मीटर की दूरी पर स्थित प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर तीन कुर्सी सहित अन्य कई कीमती सामान उठा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर चली गई। लगातार हो रही चोरी की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# कार्यकताओं की नहीं सुनते अधिकारी, करते हैं प्रताड़ितः राजा अनिल

## प्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों के समक्ष कार्यकताओं के मान सम्मान का उठाया मुद्दा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के विकास कार्यों की समीक्षा और कार्यकताओं तथा पार्टी पदाधिकारियों से बुद्धवार को सरकार का फीडबैक लेने आए प्रदेश सरकार के पर्यटन और संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव तथा श्रम एवं सेवायोजन मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी से भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा अनिल प्रताप सिंह ने बुधवार को पार्टी कार्यालय पर कार्यकताओं के मान सम्मान की बात उठाई।

उन्होंने मंत्रीगणों से शिकायती लहजे में कहा कि हमारी सरकार होते हुए भी जिले के अधिकारी कार्यकताओं का सम्मान नहीं करते।



प्रदेश के मंत्रियों का स्वागत करते राजा अनिल प्रताप सिंह।

गांव और ब्लॉक स्तर पर कार्यकताओं तथा पदाधिकारियों का सम्मान होना चाहिए। पुलिस थानों पर उल्टा भाजपा कार्यकताओं पर मुकदमा दर्ज कर भयभीत और अपमानित किया जाता है। भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह ने मांग किया कि तीन साल से एक ही स्थान पर जमे अधिकारियों को हटाया जाए। पदाधिकारियों द्वरा शिकायतें मिलती रहती हैं कि जिले के अधिकारी फोन नहीं उठाते। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने भी सीडीओ, डीपीआरओ व अन्य अधिकारियों द्वारा फोन न उठाने की शिकायत की। इस दौरान विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, विधायक जीत लाल पटेल, विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी, देव आनंद शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष हरि ओम मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह, शिव प्रकाश मिश्रा, ओम प्रकाश त्रिपाठी, राजेश सिंह, आशीष कुमार श्रीवास्तव सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डाक्टर के बाद छात्रा की मदद को आगे आया बच्चा बैंक

## जरूरतमंद छात्रा और उसके भाई की पढ़ाई में मदद करेगा बीबीएफजी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पट्टी तरदहा की छात्रा रागिनी गौतम के इलाज में डाक्टर की मदद के बाद बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी शिक्षा में सहायता को आगे आया है। ग्रुप ने उसके साथ साथ छोटे भाई की पढ़ाई में सहयोग का भरोसा दिलाया है।

राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में इलाज कराने आई रागिनी ने बताया कि कुछ दिनों पहले एक्सीडेंट में उसका हाथ टूट गया था। हड्डियां बाहर निकल आई थी। उस समय जिला अस्पताल के हड्डी के डाक्टर सचिन कुमार ने उसकी बहुत मदद की। आपरेशन और दवा की निशुल्क सुविधा मिली। अब वह ठीक है। वह आगे पढ़ना चाहती हैं। माता पिता गरीब हैं। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के सहयोगी शशांक मिश्र ने बताया है कि रागिनी और उसके भाई की आगे की पढ़ाई में मदद



अपने परिजनों के साथ पट्टी की छात्रा रागिनी गौतम।

मिलेगी। इस संबंध में रागिनी से बात हुई है। डाक्टर सचिन ने बताया कि रागिनी का आपरेशन हुआ है। अब वह ठीक है। प्रिंसिपल डॉ आर्य देश दीपक ने बताया कि प्लेट की सुविधा अभी अस्पताल में नहीं है। रागिनी के परिजन प्लेट लेकर आए थे।

## जिला उद्योग बन्धु की बैठक आज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चैरसिया ने बताया है कि जिला उद्योग बन्धु की बैठक 25 अगस्त को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अपरान्ह साढे.चार बजे कलेक्टेज्ट सभाकक्ष में आयोजित की गयी है। सभी उद्योग बंधु समय से बैठक में उपस्थित हों।

# कलियुग मे श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से मिलता है मोक्षः रश्मि किशोरी

### संकट मोचन मैरेज हाल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत लालगंज स्थित संकटमोचन मैरेज हॉल में चल रही सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। बीते मंगलवार से शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा में कथाव्यास श्रीधाम वृन्दावन से पधारे



संकटमोचन मैरेज हॉल में श्रीमद् भागवत कथा कहती रश्मि किशोरी

रश्मि किशोरी श्रोताओं को भागवत कथा का संगीतमयी रसपान करा रही हैं।

कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कथाव्यास रश्मि किशोरी ने कहा कि समय पर गलती सुधार कर उसका प्रायश्चित कर लेने से वह गलती पाप की श्रेणी में नहीं आती है। कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कथा व्यास ने कहा कि राजा परीक्षित कलियुग के प्रभाव के चलते ऋषि से श्रापित हो गये। उसी के पश्चाताप में सुकदेव ने उन्हें उत्तम समाधान बताया। इस पर परीक्षित ने श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर मोक्ष को प्राप्त किया। कथाव्यास ने कहा कि कलियुग मे श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण परमात्मा की भक्ति प्राप्त कर मोक्ष प्राप्त करने का सबसे उत्तम उपाय है। कथा के दौरान बीच-बीच में राधा-कृष्ण के संकीर्तन से श्रद्धालु भगवत प्रेम में मंत्रमुग्ध दिखे। इस मौके पर राज मोदनवाल, चन्द्रेश शुक्ल, पूनम पाण्डेय, साकेत मिश्र, चन्द्रमणि शुक्ल, राजकुमार, वीरेन्द्र, सुखसागर, गगन कुमार, कुबेरपति मिश्र आदि मौजूद रहे।

## पट्टी के ट्रक चालक की गुजरात में सड़क हादसे में मौत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रोजी रोटी के लिए गुजरात के सूरत शहर में रहकर ट्रक चलाने वाले पट्टी तहसील के एक ट्रक चालक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जैसे ही परिजनों को इस बात की सूचना मिली परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पट्टी तहसील क्षेत्र के सपहा छात गांव के श्रवण सिंह का इकलौता बेटा राजकुमार सिंह (38) की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण गुजरात के सूरत शहर में रहकर ट्रक चलाने का काम करता था। कुछ दिन पहले वह अपने बच्चों तथा पत्नी के साथ शहर में रहता था, लेकिन एक माह पहले आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण अपने चार बच्चों तथा पत्नी को घर पर छोड़ आया और सूरत में जाकर ट्रक चलाने लगा। मंगलवार को एक सड़क हादसे में उसे गंभीर चोटे आई। साथी ट्रक चालकों ने उसे एक अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन बुधवार को उसने दम तोड़ दिया, जैसे ही यह खबर उसके परिजनों को लगी परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक राजकुमार चार बच्चों का पिता था। दो बेटों तथा दो बेटियों में सबसे बड़ी खुशी (14), मुस्कान (10), बेटा राज (8) व कृष्णा (10) वर्ष के सिर से पिता का साया उठ गया। वहीं पिता श्रवण सिंह अपने इकलौते बेटे के गम में आंसू नहीं थम रहे हैं। मां फूलकली का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी अनीता भी अपने पति की मौत पर बदहवास हो जा रही है।

## दूसरी शादी रचाने पर पति के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने पति द्वारा दूसरी शादी रचा लेने पर पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। लाला का पुरवा लालगंज गांव की देवकली पत्नी रामस्वरूप ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि विवाह के बाद से उनके पति आये दिन दुर्व्यव्हार करते रहते थे। इसे लेकर उनका पति से कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। पीड़िता का आरोप है कि इसी बीच उसके पति ने चुपचाप दूसरी शादी कर लिया, जिससे बच्चें भी हैं। दरोगा राजेश का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# इग्नू का अध्ययन विश्व स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये उपयोगीः निदेशक

## एमडीपीजी कालेज में इग्नू अध्ययन केन्द्र के निदेशक ने दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज के इग्नू अध्ययन केंद्र को तीन नये पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम की मान्यता प्राप्त हुई है। इग्नू के रीजनल डायरेक्टर श्रवण कुमार पांडे ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पीजी डिप्लोमा इन डिजिटल मीडिया, पीजी डिप्लोमा इन डेवलपमेंट कम्युनिकेशन, पीजी डिप्लोमा इन एनवायरमेंट एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट के नए पाठ्यक्रम एमडीपीजी अध्ययन केंद्र को प्राप्त हुए हैं। ये पाठ्यक्रम न केवल रोजगार परक बल्कि व्यक्तित्व विकास में भी सहायक हैं।

उन्होंने बताया कि तकनीकी एवं भौतिक साधनों के समन्वय से इग्नू अपने छात्रों को घर पर रहकर



एमडीपीजी कालेज में मौजूद इग्नू अध्ययन केन्द्र के निदेषक व प्राचार्य

राष्ट्रीय स्तर पर परिसर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। इसके लिए इग्नू द्वारा वर्ष में दो बार जुलाई एवं जनवरी सत्र में ऑनलाइन प्रवेश की सुविधा दी जाती है। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने बताया कि इग्नू की अध्ययन सामग्री विश्वस्तरीय एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्रों हेतु अति उपयोगी है। एमडीपीजी अध्ययन केंद्र के समन्वयक डा अभिषेक सिंह ने बताया कि इस केंद्र पर सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक एवं परास्नातक स्तर के कार्यक्रमों में पर्यटन, कला, वाणिज्य एवं विज्ञान में स्नातक, शिक्षा, इतिहास, समाजशास्त्र, लोक प्रशासन, ग्रामीण विकास, अर्थशास्त्र, हिंदी एवं अंग्रेजी में परास्नातक, पोषण एवं स्वास्थ्य में डिप्लोमा के साथ-साथ ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन में परास्नातक डिप्लोमा कार्यक्रम बहुत लोकप्रिय हैं। जुलाई 2022 सत्र हेतु प्रवेश की प्रक्रिया अभी चल रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे, डॉ देवेंद्र कुमार पांडे, विजय पांडे आदि उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण कार्य प्रारम्भ न करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं के विरूद्ध हो कार्यवाहीः डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला कौशल समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्रदाताओं व पीआईए को आवंटित लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

उन्होने निर्देशित किया कि जिन प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा प्रशिक्षण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु मिशन को पत्र प्रेषित किया जाये। समस्त प्रशिक्षण प्रदाताओं को निर्देशित किया गया कि गुणवत्तापरक प्रशिक्षण कराया जाये एवं प्रशिक्षणार्थियों को सेवायोजित भी समय से किया जाये। बैठक में एमजीएनएफ फेलो को निर्देशित



जिला कौषल समिति की बैठक में बोलते डीएम डा0 नितिन बसंल।

किया गया कि औद्योगिक इकाइयों का सर्वे कराते हुये जनपद की आवश्यकता अनुसार सेक्टरों को चिन्हांकित करते हुये डीएसडीपी में समाहित किया जाये। बैठक में जिला समन्वयक दिनेश कुमार चैरसिया, जिला एमआईएस प्रबन्धक वन्दना सिंह, मृत्युंजय पाण्डेय, जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी व समस्त सदस्य व प्रशिक्षण प्रदाता आदि उपस्थित रहे।

# अपहरण करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पीड़िता का अपहरण करने वाले एक अभियुक्त को हथिगवां पुलिस ने गिरफ्तार कर अपहृता को बरामद करने में सफलता हासिल की है। उधर कंधई थाना क्षेत्र में अपहरण के एक अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया। थाना हथिगवां के उ0नि0 घनश्याम यादव मय म0 कां0 पूजा व हमराह के द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना हथिगवां में पंजीकृत मु0अ0सं0 162/2022 धारा 363/366 भादवि से संबंधित एक अभियुक्त तारिक हुसैन पुत्र अख्तर हुसैन नि0 बसवाही थाना कुण्डा प्रतापगढ़ को थाना कुण्डा क्षेत्र के शेखपुर आषिक चैराहा से गिरफ्तार किया गया तथा उसी के साथ अपहृता/पीडिता को बरामद किया गया। उधर थाना कन्धई के उ0नि0 हरीश तिवारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय में पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 275/2022 धारा 366, 120बी भादवि से संबंधित अभियुक्त हरिप्रसाद उर्फ निक्का पुत्र झपसी निवासी ग्राम ढेमा थाना मोदिगरपुर, जनपद सुल्तानपुर को थाना क्षेत्र के रखहा बाजार से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना महेशगंज के उ0नि0 सुनील कुमार गुप्ता मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र ग्राम पसियाना गुजवर से दो व्यक्ति को कुल 20 लीटर अवैध कच्ची देसी शराब व शराब बनाने के उपकरण (टीना, पतेली व नलकी) के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी/गिरफ्तारी के संबंध में थाना महेशगंज में मु0अ0सं0 216/22 धारा 60(2) आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अनिल गौतम पुत्र स्व0 राम दुलारे गौतम निवासी ग्राम पसियाना गुजवर, थाना महेशगंज व सुनील गौतम पुत्र स्व0 रामदुलारे गौतम निवासी ग्राम पसियाना गुजवर, थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ शामिल रहे। इनके पास से दो प्लास्टिक की पिपिया में 10-10 लीटर (कुल 20 लीटर) अवैध कच्ची देशी शराब व शराब बनाने के उपकरण (टीना, पतेली, नलकी) बरामद किया गया।

## वांछित अभियुक्ता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना हथिगवां के उ0नि0 आलोक कुमार मय हमराह म0कां0 नीलम, म0कां0 मीना द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना हथिगवां में पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 165/2022 धारा 3/5ए/8 गौ हत्या निवारण अधि0 व 11(1) एफ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधि0 1960 से संबंधित एक अभियुक्ता साहीन उर्फ बेबी पुत्री अहमद उल्ला मास्टर नि0 लाला का पुरवा कूढा थाना हथिगवां प्रतापगढ को एक चापड, एक चाकू व तीन रस्सी के टुकडे के साथ थाना क्षेत्र के कूढा मोड के पास से गिरफ्तार किया गया।

# चादर में लिपटी चारपाई के नीचे घर में मिली लाइसेंसी बंदूक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ।** बुधवार की सुबह घर की साफ-सफाई करते समय चादर में लिपटी लाइसेंसी बंदूक चारपाई के नीचे मिल गई। पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। शास्त्र मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस ने राहत की सांस ली।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के चकौडिया गाँव मे सोमवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा लाइसेंसी बंदूक समेत लाखो के जेवरात व नगदी उठा ले जाने की तहरीर विनोद कुमार पांडेय ने पुलिस को दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। विनोद कुमार पाण्डेय ने पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर आरोप लगाया था कि सोमवार की रात परिवार के सभी लोग खा-पीकर सो गए। सुबह जब उठे तो सामान विखरा देख कर सन्न रह गए। चोरों ने छत के सहारे घर में दाखिल होकर कमरे में रखी बंदूक, लाखों के जेवरात, 18 हजार की नगदी समेत महत्वपूर्ण कागजात पीछे का तरवाजा तोड़कर उठा ले गए। तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। साथ में फोरेंसिक टीम भी पहुँच कर घटना की जाँच करने लगी। इधर बुधवार की सुबह पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी लाइसेंसी बंदूक घर में ही मिल गई। बंदूक मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस ने राहत की सांस ली।

## तालाबों का मत्स्य पालन आवंटन शिविर 31 को

**प्रतापगढ़।** उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया है कि तहसील सदर प्रतापगढ़ के अन्तर्गत आने वाले ग्राम समाज तालाबों का 10 वर्षीय मत्स्य पालन हेतु आवंटन पात्र व्यक्तियों को दिये जाने के लिये 31 अगस्त 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक सदर तहसील परिसर में किया जायेगा। शासनादेश के क्रम में मछुआ समुदाय, कहार एवं अनुसूचित जाति को आवंटन वरीयता क्रम में किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि को प्रार्थना पत्र मय खतौनी, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र के साथ आवंटन प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं।

## निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थी आधार प्रमाणीकरण कराएं

**प्रतापगढ़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा ने बताया है कि जनपद प्रतापगढ़ में पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही लाभार्थियों को आधार सीडिंग/आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में आधार बेस भुगतान किया जाना है। उन्होने बताया है कि पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही लाभार्थी स्वयं अपना आधार प्रमाणीकरण यथाशीघ्र किसी भी इण्टरनेट साइबर कैफे, लोकवाणी केन्द्र, स्वयं मोबाइल के माध्यम, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय से आधार अपडेट/सस्पेक्टेड/किसी कारण त्रुटिवश मोबाइल नम्बर व आधार में फीडिंग गलत हो गया हो वे लाभार्थी कार्यालय में उपस्थित होकर आधार एवं मोबाइल अपडेट कराना सुनिश्चित करे।

# शराब की दुकान से नगदी समेत लाखों की बियर उठा ले गए बदमाश

## पुलिस कर रही मामले की छानबीन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बेखौफ बदमाशों ने पट्टी इलाके के अमरगढ़ बाजार में स्थित एक अंग्रेजी शराब की दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखा हुआ साथ हजार रुपये नकदी तथा लाखों रुपए का अंग्रेजी शराब उठा ले गए। वहां से गुजर रहे डायल हंड्रेड पुलिस को इसकी सूचना मिली तो पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया। पट्टी की तरफ भागे बदमाशों का पीछा किया गया तो जामताली बाजार तक पुलिस ने पीछा किया लेकिन वहां से बदमाशों का कुछ पता नहीं चला।

पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत अमरगढ़ बाजार में भनईपुर गांव के रहने वाले बिंदा जयसवाल की अंग्रेजी शराब की तथा बीयर की दुकान अगल-बगल है। सेल्समैन रामप्रसाद रोज की तरह मंगलवार को दुकान बंद करके वहां से घर चला गया। रात साढे.बारह बजे टवेरा गाड़ी से आए बदमाशों ने सुनसान बाजार में ताला तोड़कर दुकान के अंदर घुस गए। दुकान के अंदर रखा हुआ साठ हजार नगदी लाखों रुपए का अंग्रेजी शराब टवेरा गाड़ी में लादकर बदमाश पट्टी की तरफ भागने के लिए तैयार हो रहे थे तभी पुलिस की गाड़ी पहुंच गई। टवेरा गाड़ी से भागे बदमाशों का पुलिस ने पीछा किया तो पट्टी से होते हुए पट्टी रानीगंज हाईवे पर बदमाश भागने लगे। जामताली तक बदमाशों का पीछा पुलिस ने किया लेकिन उसके बाद बदमाशों का कुछ पता नहीं चला। इस संबंध में सेल्समैन रामप्रसाद से बात की गई तो उसने बताया कि पुलिस के द्वारा उसे रात में ही घटना की जानकारी मिली साठ हजार नकदी तथा पांच लाख से अधिक कीमती शराब बदमाश उठा ले गए हैं।

## राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिये 30 सितम्बर तक करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग ने गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिये पात्र लोगों से प्रस्ताव मांगा है। इसके अन्तर्गत पात्र महानुभावों के प्रस्ताव उनके द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यो का तथ्यात्मक विवरण एवं अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ निर्धारित प्रारूप पर 30 सितम्बर 2022 तक कलेक्टेज्ट कार्यालय एवं जिला सूचना कार्यालय प्रतापगढ़ में चार प्रतियों में जमा करें। आवेदन का प्रारूप जिला सूचना कार्यालय प्रतापगढ़ से प्राप्त कर सकते है। उन्होने बताया है कि आवेदक भारत का मूल नागरिक हो, उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किये जाने के वर्ष में सामान्यतया निवास करता रहा हो, मानवाधिकार, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा हो। गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अधीन पूर्व में इस राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार न दिया जा चुका है। उन्होंने बताया है कि प्रदेश सरकार द्वारा गुरू गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस (05 जनवरी) पर गुरू गोविन्द राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किये जाने व रुपए एक लाख का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र दिये जाने की व्यवस्था की गयी है।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त धर्मेन्द्र पटेल उर्फ गोली पुत्र गोपी सिंह निवासी दरियांव का पुरा मजरा पनारा गोपालपुरा थाना सराय अकिल को ककोदा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 14 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पिपरी से दो थाना सैनी से पांच थाना कडाधाम से दो थाना चरवा से पांच कुल 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त अनवर खान पुत्र नूर खान निवासी व थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को जयन्तीपुर के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# सीएम ने कोखराज थाना का किया वर्चुअल उद्घाटन

## 6 करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से कोखराज थाना का पुलिस स्टेशन बनकर तैयार हुआ

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** 6 वर्षों की मेहनत के बाद कोखराज थाना भवन बनकर तैयार हो गया है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से कोखराज थाना भवन का शिलान्यास किया है पुलिस महकमे को उच्चीकृत करने की योजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। योजना के अंतर्गत कोखराज पुलिस स्टेशन का निर्माण होने के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। कोखराज थाना भवन का वर्चुअल उद्घाटन के अवसर पर इलाके के गणमान्य लोगों ने सीधा प्रसारण देखा है।

कौशाम्बी जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग हाईवे स्थित कोखराज पुलिस स्टेशन का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार की सुबह 10:30 बजे वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। सीएम के वर्चुअल उद्घाटन के पूर्व पुलिस स्टेशन को पुलिस कर्मचारियों द्वारा दुल्हन की तरह सजाया गया था।



थाना का वर्चुअल उद्घाटन करते मुख्यमंत्री

समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव की सरकार में कोखराज थाना के भवन निर्माण की मंजूरी दी गई थी लेकिन 2017 में प्रदेश में सरकार बदल गई और थाना भवन के निर्माण की गति धीमी पड़ गई धीरे धीरे 6 वर्षों का समय व्यतीत हो गया कोखराज पुलिस स्टेशन भवन मार्च 2016 में स्वीकृत हुआ था 6 करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से कोखराज थाना का पुलिस स्टेशन बनकर तैयार हुआ है जिसमें कार्यदाई संस्था द्वारा साढ़े 5 वर्ष में भवन बनाकर तैयार किया गया कोखराज थाना भवन के वर्चुअल उद्घाटन के अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सिंह चायल क्षेत्राधिकारी श्याम कांत सिराथू क्षेत्राधिकारी डॉ कृष्ण गोपाल सिंह मंझनपुर क्षेत्राधिकारी कृष्ण प्रताप नारायण और पुलिस स्टेशन प्रभारी तेज बहादुर सिंह सहित पुलिस स्टेशन में तैनात सभी पुलिस कर्मचारी और इलाके की गणमान्य जनता ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# ताश के पत्ते की तरह फेटे गए चौकी इंचार्ज

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने 16 उपनिरीक्षक के स्थानांतरण आदेश जारी किया है 82 आरक्षी गणों को भी स्थानांतरित किया गया है एक उपनिरीक्षक को लाइन हाजिर कर कर दिया गया है 15 उपनिरीक्षक का स्थानांतरण कर नए स्थान पर चौकी प्रभारी बनाया गया है 82 आरक्षीगणो के भी स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं 79 आरक्षी को इधर से उधर तैनात कर लापरवाह तीन सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया गया। इससे आरक्षीगणों में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा कानून व्यवस्था दुरस्त करने के लिए 2 दिन पहले कई निरीक्षक और उप निरीक्षक को थानों की जिम्मेदारी से हटा दिया गया था। इसके बाद मंगलवार की शाम 16 उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है कोखराज थाना के मूरतगंज चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक धीरेंद्र कुमार को चौकी मूरतगंज से लाइन हाजिर कर दिया गया पिपरी थाने के उपनिरीक्षक अभिषेक राय को मूरतगंज चौकी इंचार्ज बनाया गया है। उपनिरीक्षक चंद्र कुमार को पुलिस लाइन से सिंघिया चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है कनैली चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक मिश्रीलाल को चौकी से हटाते हुए पिपरी थाने के मखदूमपुर का चौकी इंचार्ज बनाया गया है उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार माली को कड़ा धाम की घोसियाना पुलिस चौकी से हटाते हुए मंझनपुर कोतवाली के सिविल लाइन पुलिस चौकी का इंचार्ज बनाया गया है उपनिरीक्षक राम प्रवेश सिंह को महेवा घाट थाने से हटाते हुए मंझनपुर कोतवाली के शमशाबाद पुलिस चौकी का इंचार्ज बनाया गया है अभी तक सिराथू

### 82 आरक्षी गणों को भी इधर से उधर किया गया स्थानांतरित


पुलिस चौकी के इंचार्ज सिया कांत चौरसिया को सिराथू पुलिस चौकी से हटाकर कोखराज थाना के भरवारी पुलिस चौकी का इंचार्ज बनाया गया है आवाना आलमपुर के चौकी इंचार्ज अयोध्या कुमार को चायल पुलिस चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है और आवाना आलमपुर की पुलिस चौकी में संजय कुमार परिहार को चौकी इंचार्ज बनाया गया है अभी तक संजय सिंह परिहार गुरौली पुलिस चौकी इंचार्ज थे कोखराज थाना के उप निरीक्षक सुमित आनंद को इसी थाना के शहजादपुर पुलिस चौकी का इंचार्ज बनाया गया है मंझनपुर कोतवाली के कादीपुर पुलिस चौकी इंचार्ज रहे जितेंद्र कुमार यादव को कादीपुर से हटाते हुए कौशांबी थाना के गुरौली चौकी इंचार्ज बनाया गया है उप निरीक्षक कमलेश कुमार को कौशांबी थाना से हटाते हुए पुलिस चौकी घोसियाना का दायित्व सौंपा गया है पिपरी थाना के लोधौर चौकी इंचार्ज हनुमान प्रताप सिंह को कनैली पुलिस चौकी इंचार्ज बनाया गया है और शैलेंद्र कुमार को मखदूमपुर पुलिस चौकी से हटाते हुए लोधौर पुलिस चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है उप निरीक्षक चंदन कुमार को मंझनपुर कोतवाली की सिविल लाइन पुलिस चौकी से हटाते हुए सैनी कोतवाली के सिराथू पुलिस चौकी इंचार्ज का दायित्व सौंपा गया है और इसी तरह कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के हब्बू नगर पुलिस चौकी की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक सुनील कुमार यादव को सौंपी गई है अभी तक सुनील कुमार यादव महेवा घाट थाने में तैनात थे 82 आरक्षी गणों में तीन आरक्षीगणों को लाइन भेज दिया गया।

# सड़क के किनारे बेहोश बंधा पड़ा मिला दिव्यांग युवक

## दबंगों पर मारपीट कर फेंकने का आरोप

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में दबंगों का कहर गरीब दिव्यांग युवक पर देखने को मिला है जहा देर शाम ये शौच को गए दिव्यांग युवक को दबंगों ने मारपीट कर हाथ पैर बांध कर सड़क किनारे फेंक दिया और फरार हो गए,परिजनो और ग्रामीणों के खोजने पर युवक गंभीर घायल बेहोशी की हालत में मिला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी,सूचना पर पहुंची डायल 112 ने जांच पड़ताल की और युवक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। मामला कोखराज थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर असवा का है जहा देर शाम शौच को गए दिव्यांग मंगला प्रसाद प्रजापति को दबंग युवकों ने मारपीट कर हाथ पैर बांध कर सड़क के किनारे फेंक दिया और


सड़क किनारे पड़ा दिव्यांग युवक

फरार हो गए।काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों और ग्रामीणों ने खोजना शुरू किया तो घायल अवस्था में युवक सड़क के किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ मिला। परिजनो ने इसकी सूचना डायल 112 को दी।सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा और उच्च अधिकारियों को सूचना दी।बताया जा रहा है गांव के कुछ दबंग लोग युवक की जमीन को जबरन कब्जा करना चाहते थे इसीलिए यह घटना की गई है।

### 100 दिवसीय उद्यमिता विकास खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमन्त्रित

**कौशाम्बी।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र नेतानगर मंझनपुर में वर्ष 2022-23 हेतु रोजगार परक 100 दिवसीय उद्यमिता विकास खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु नव उद्यमियों रूचि रखने वाले व्यक्तियों हेतु केवल अनुसूचित जातियों के लिए आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गयें हैं तथा आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 15 सितम्बर 2022 प्रस्तावित है यह जानकारी प्रधानाचार्य राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र प्रयागराज ने देते हुए बताया कि अभ्यर्थियो का चयन शासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शानुसार किया जायेगा अभ्यर्थी अधिक जानकारी हेतु जनपद के प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र मंझनपुर के मोबाइल नम्बर-6307993924 पर सम्पर्क कर सकतें हैं।

### एलईडी लाइट के नाम से सचिव ने निकाले लाखों रुपए!

**कौशांबी।** विकास खण्ड कौशाम्बी के बेरौचा ग्राम सभा मे लाखों रुपए की स्ट्रीट लाइट लगाने का एस्टीमेट बनाया गया था जिससे गांव को रात के अंधेरे से निकालकर जगमग रोशनी से चमकाया जा सके जिसके लिए 369000 का एस्टीमेट तैयार कर एलईडी लाइट लगवाने की प्रक्रिया शुरू की गई लेकिन गांव में लाइट लगाए बिना ही योजनाबद्ध तरीके से लाइटों की एमबी कर दी गई और सभी कार्यवाई के कोरम को पूरा करते हुए भुगतान प्रक्रिया तक ले जाकर बगैर एलईडी लाइट लगाए ही वीपीएस इंटरप्राइजेज में 184500 की दो किस्त 15 मई 2022 को भेज दिया गया जिसके कुछ समय बाद भुगतान की जानकारी मीडिया को हुई तो इस भ्रष्टाचार को प्रमुखता से उजागर किया जिसके बाद धन गमन के मास्टर प्लानर ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार यादव अपने आप को धन के गमन में फँसता हुआ देख गांव में एलईडी लाइट लगवाने के लिए वीपीएस इंटरप्राइजेज मे भुक्तान करने के बाद विभागीय कार्यवाही के भय से निकाले गये सरकारी धन को सरकारी खाते मे पुनः जमा कर दिया जिससे ग्राम पंचायत सचिव की सरकारी धन के गमन की नियत स्पष्ट हो गयी देखी जा सकती है। जिसके बाद से गमन करने के साथ साथ वित्तीय अनियमितता भी स्पष्ट हो रही है।

#### पंचायती राज अधिकारी ने लिया संज्ञान

**कौशाम्बी।** पंचायती राज अधिकारी बाल गोविंद श्रीवास्तव ने इस मामले को संज्ञान लेकर सचिव से लिखित रूप से स्पष्टीकरण मांगा है जिसके बाद पंचायती राज अधिकारी द्वारा इस मामले की गंभीरता पूर्ण स्वयं जांच की जाएगी दोषी सचिव के ऊपर दोष सिद्ध होने पर विभागीय कार्रवाई के साथ-सथ वित्तीय अनियमितता की कार्रवाई से दंडित किया जाएगा।

#### ग्राम पंचायत सचिव पहले भी दो बार हो चुके हैं सस्पेंड

**कौशाम्बी।** अपने कार्य एवं लापरवाही पूर्ण कार्यों से नेवादा विकासखंड में दो बार पहले भी ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार यादव मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की रिपोर्ट पर सस्पेंड किया गया था जिसके कुछ दिन बाद बहाली होने के बाद आवास एवं शौचालय के लाभार्थियों से धन उगाही के आरोप में सस्पेंड होना पड़ा था।

## न्यूज झरोखा

### संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब हुए भाई-बहन

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना अंतर्गत लकोड़ा गांव निवासी मानसिंह की 17 वर्षीय पुत्री आंचल देवी और लड़का मनीष कुमार उम्र 9 वर्ष दोनों भाई बहन परिवारजनों के साथ मंगलवार की रात्रि खाना खा पी कर के



सोए हुए थे सुबह 4:00 बजे जैसे परिजनों ने दोनों पुत्र पुत्री को घर पर ना देखकर काफी खोजबीन की मगर 9:00 बजे सुबह तक पता नहीं चला मामले की सूचना मानसिंह पश्चिम सरीरा पुलिस को दी सूचना पर पहुंचे मंझनपुर सीओ योगेंद्र कृष्ण नारायण व पश्चिम सरीरा पुलिस ने पीड़ित के माता पिता मोहल्ले वासियों से पूछताछ की जहां भाई-बहन के गायब होने की सूचना आसपास के क्षेत्रों को हुई तो तरह-तरह की चचार्एं लोगों में व्याप्त हैं।

**क्या कहते हैं सीओ :** मंझनपुर क्षेत्राधिकारी का कहना है कि मामला संज्ञान में है मौके पर जाकर लोगों से पूछताछ की गई है दोनों भाई बहनों को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात अधेड़ का शव

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू होकर गुजरी दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर पावर हाउस के पास खम्भा नम्बर 881/12-14 के बीच बीती देर रात अज्ञात अधेड़ उम्र तकरीबन 50 वर्ष का शव मिला है सूचना पर सिराथू चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर छिन्न भिन्न हालत में पड़े शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज कर शव की शिनाख्त में जुटी है किंतु खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नही हो सकी है।



### शौच गई किशोरी से युवक ने किया दुराचार का प्रयास

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत की तरफ शौच के लिए गई किशोरी के साथ गांव के युवक ने दुराचार का प्रयास किया। किशोरी के चीखने की आवाज सुनकर गांव वाले टूट पड़े। गांव वालों को आता देखकर युवक कहीं भी शिकायत करने पर किशोरी को जान से मरने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। किशोरी के परिजन किशोरी को लेकर चरवा थाना गए और लिखित शिकायत देकर मुकदमा पंजीकृत करने के बाद आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। किशोरी के परिजनों को शिकायती पत्र दिए एक दिन बीत गए लेकिन चरवा थाना में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत नहीं हुआ। आम जनता की उम्मीद बनकर आए नए थानेदार से क्षेत्रीय जनता को अब न्याय की उम्मीद दूर - दूर तक नजर नही आ रही है।

### बारजा सड़क पर निकालने से गांव वालो में आक्रोश

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी की सीमा अंतर्गत रसूलपुर गेरसा में गृहस्वामी द्वारा अपनी जमीन को छोड़कर सड़क की जमीन पर बारजा निकाला जा रहा है जिससे लोगो मे आक्रोश ब्याप्त है। बता दे कि रसूलपुर गेरसा में स्व मिठाई लाल वर्मा ने अपने हिस्से की जमीन गाव के ही सुरेश कुमार दिवाकर को बेच दी थी जिसको उक्त व्यक्ति अपने जमीन पर घर का निर्माण करवा रहा है यहा तक तो ठीक है परंतु मामला तब गमार्न लगा जब सुरेश दिवाकर अपने जमीन को छोड़कर सड़क पर बारजा निकालने लगा जिसपर गाव के हनुमान प्रसाद वर्मा सहित काफी लोगो ने आपत्ति जाहिर करते हुए उच्च अधिकारियों से काम को बंद कर नियम के मुताबिक सड़क पर से निर्माण हो रहा बारजा को बंद कर निमार्ण कराए जाने की मांग की लेकिन अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कार्य नही रुका लोगो ने तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की है।

# साहब! जालसाजों ने मुझे विदेश में फंसा दिया था, बस किसी तरह जान बच गई !

### पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर लगाई न्याय की गुहार, जांच के आदेश

**कौशाम्बी।** साहब ! पहले तो मुझे यह भरोसा दिलाया कि तुम्हें हम ओमान भिजवा देंगे, वहां पर आपको अच्छा रोजगार मिलेगा। जब हम ओमान पहुंचे तो पता चला कि हमें फर्जी वीजा पर भेजा गया है, साहब महीनों तक हमें बंधक बनाकर वहां काम कराया गया, भूखा रखा गया। किसी तरह घर से पैसा मांगा एम्बेसी के सहारे वापस आए साहब जिंदा वापस आ गए, यही बहुत है साहब हमें न्याय चाहिए। बुधवार को पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के दानपुर गांव के रहने वाले रामप्यारे के पुत्र सुलोचन मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक के सामने अपनी पीड़ा सुनाते हुए कही। इस मौके पर दिए गए अपने शिकायती पत्र में उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि थाना क्षेत्र के जफरपुर महावा गांव के रहने वाले नियामत अली के पुत्र अफसार अहमद ने उसे भरोसा दिलाया था कि वह ओमान जाकर 160 रियाल प्रतिमाह कमा लेगा। इसके लिए नियामत अली ने उससे एक लाख 5 हजार लिए पीड़ित ने बताया यह पैसे उसने अपने गहने बेचकर वा उधार लेकर इकट्ठा किए थे। जब वह ओमान पहुंचा तो उसे पता चला कि उसका काम का बीजा फर्जी है और उसे ट्रेवल वीजा के जरिए यहां भेज दिया गया। जब उसने इसकी शिकायत किया तो उसके पास अफसर का भेजा हुआ एक व्यक्ति पहुंचा जिसने कई महीनों तक उससे बंधक बनाकर काम करवाया लेकिन उसे पैसे नहीं दिया। किसी तरह उसने घर से पैसे मांगा कर भारतीय एंबेसी के सहायता से अपने घर वापस आ सका। अब पैसा मगाने पर अफसर अहमद उनके साथ मारपीट पर उतारू हो जाता है और जान से मारने की धमकी देता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने जांच कर कार्यवाही के आदेश दे दिए हैं।

### चरवा के अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह होंगे नगर पंचायत अझुवा के अधिशाषी अधिकारी

अझुवा कौशाम्बी नगर पंचायतों के चहुँमुखी विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए योगी सरकार कटिबद्ध है उसी कड़ी में 6 अगस्त को 3 वर्ष से अधिक समय तक अझुवा नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी की जिम्मेदारी संभाल रहे सूर्य प्रकाश गुप्ता को तमकुहीराज जनपद कुशीनगर तबादला किया गया वहीं नगर पंचायत कड़ा धाम अधिशाषी अधिकारी शैलेन्द्र मिश्र को नगर पंचायत अझुवा से सम्बद्ध किया गया ।अभी कुछ दिन ही बीते 10 दिन के अंदर शासन ने नव निर्मित नगर पंचायत चरवा में बतौर अधिशासी अधिकारी कार्यरत सुभाषचन्द्र सिंह को नगर पंचायत अझुवा का अतिरिक्त प्रभार दिया है अब 55 किमी दूर क्षेत्र की नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दोनों नगर पंचायतों को कैसे संभाल पाएंगे।वहीं चचाओं पर जाएं तो आदर्श नगर पंचायत अझुवा को पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजना में बीते वर्ष शामिल किया गया था जिसमे योगी सरकार नगर पंचायत विकास के लिए भारी भरकम बजट अवमुक्त किया है ।पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना में अवमुक्त हुए बजट से जांच के झोल में रुकावट की वजह से उस योजना से एक भी कार्य नगर पंचायत में नही हुआ ।अब जिले की 2 नगर पंचायतों की जिसकी दूरी 55 किमी से अधिक है दोनों जगह की जिम्मेदारी एक अधिकारी कैसे मैनेज करेंगे यह सवाल नगर वासियों में कौंध रहा है। चचाओं पर जाएं तो कथित भाजपाइयों को लाभ देने के उद्देश्य दो नगर पंचायतों का मानक के विपरीत चार्ज दिया गया है।


मंदिर मुक्त कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी

# मन्दिर के पास मांस की दुकान लगाए जाने पर बिफरा हिंदू जागरण मंच

### ज्ञापन देकर उठाई साफ सफाई की मांग, 3 सितम्बर को मन्दिर में करेगें हवन पूजन

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के आजाद नगर मोहल्ला स्थित शिव मंदिर के पास गंदगी फैलाई जाने मांस काटने और मंदिर की जमीन कुए पर अवैध कब्जे को लेकर हिंदू जागरण मंच मैदान में आ गया। जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ल की अगुवाई में मंच के लोगों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर तत्काल मंदिर पर अवैध कब्जे को मुक्त कराए जाने की मांग की। इस मौके पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट राजेश श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा कर तत्काल मंदिर की सफाई कराए जाने तथा मंदिर की जमीन को मुक्त कराए जाने की मांग किया। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मंझनपुर में जिस तरीके से मंदिर की जमीन शिवालय पर कब्जा किया जा रहा है और उसके आसपास मांस की दुकानों को लगाया गया है वह पूरी तरह से प्रशासन की अनदेखी को दिखाता है। हिंदू जागरण मंच बर्दाश्त करने वाला नहीं है इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 3 सितंबर को हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता शिवालय में पहुंचकर पूजा पाठ हवन करेंगे। इसके पहले प्रशासन मंदिर की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करा दें अन्यथा हिंदू जागरण मंच को खुद ही मंदिर की व्यवस्थाओं को ठीक करना होगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से हिंदू जागरण मंच के राकेश पाण्डेय, सुरेंद्र मिश्रा, वेद प्रकाश पांडे, नीरज मोदनवाल, सुनील मिश्रा, चक्रेश मिश्रा, अंगद सिंह, रूद्र त्रिपाठी, यदुनंदन यादव, जसवंत सिंह, नरेंद्र सिंह पटेल, शेखर मिश्रा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# बच्चों के पढ़ने के लिए बनाए समय सारणी : डायट प्राचार्य

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** निपुण लक्ष्य की प्राप्ति एवं शैक्षिक उन्नयन हेतु अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन पूर्व प्रस्तावित समय अनुसार प्राथमिक विद्यालय मीरपुर तथा प्राथमिक विद्यालय पहाड़पुर चायल में प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर अनिल कुमार की अध्यक्षता में शुरू हुई। दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ बैठक की शुरूवात करते हुए उप शिक्षा निदेशक ने कहा कि प्रत्येक परिवार बालक की प्रथम पाठशाला है। बच्चों को अधिगम की अधिकाधिक सम्प्राप्ति हो इसके लिए आवश्यक है कि अभिभावक बच्चों के पढ़ने के लिए समय सारणी अवश्य बनाएं। डायट प्रवक्ता कौशलेंद्र मिश्र ने कहा कि सरकार पठन पाठन हेतु विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही हैं जिनसे उनका मानसिक विकास तो होगा ही साथ मे शारीरिक विकास भी होगा। बैठक में उपस्थित डायट प्रवक्ताअनामिका शर्मा ने अभिभावकों से बच्चों को नित्य प्रति विद्यालय भेजने के लिए प्रेरणा प्रदान करते हुए बताया कि प्रतिदिन किया गया कार्य अवश्य फलीभूत होता है अतः आप सब अपने बच्चों को प्रतिदिन ससमय अवश्य विद्यालय भेजें। बैठक में एआरपी सुधाकर द्विवेदी एआरपी रमेश सिंह एआरपी मनोज मौर्य,एआरपी नैना यादव, प्रधान दीपक पांडेय, एसएमसी अध्यक्ष सहित सम्मानित अभिभावक एवं



कार्यक्रम में उपस्थित डायट प्राचार्य व डायट प्रवक्ता

विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक उपस्थित हुए। बैठक में पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार बिंदुवार चर्चा की गई जिनमे शिक्षक अभिभावक संबंध बच्चों की उपस्थिति बच्चो की शैक्षिक प्रगति,निपुण लक्ष्य से संबंधित चर्चा स्वच्छता व पोशाक जूता मोजा स्टेशनरी किताबें, अभिभावक से विद्यालय में शैक्षिक वातावरण एवं गुणवत्ता शिक्षा के संबंध एवं शिक्षकों द्वारा लर्निंग आउटकम पर चर्चा करते हुए उपशिक्षा निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा बच्चों को एक एक बिंदु समझाने और याद करने पर विशेष बल दिया गया है।

### आईटीआई में प्रवेश की अन्तिम तिथि 25 अगस्त तक बढ़ी

**कौशाम्बी।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान केके राम द्वारा अवगत कराया गया कि राजकीय व निजी आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया-2022 के अनुसार प्रथम चरण के चयन परिणाम से प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि 23 अगस्त 2022 से बढ़ाकर प्रवेश की अन्तिम तिथि 25 अगस्त 2022 तक निर्धारित की गयी है।

### निराश्रित महिला पेंशन की लाभार्थी करायें आधार केवाईसी

**कौशाम्बी।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) पा रही लाभार्थियों को सूचित किया है कि वे अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेन्टर या सहज जनसेवा केन्द्र पर जाकर अपना आधार लिंक करायें अन्यथा पेंशन की अगली किस्त का भुगतान शासन स्तर से रोक दी जाएगी।

### उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, मंझनपुर में साक्षात्कार

**कौशाम्बी।** अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति जनजाति के व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण योजनान्तर्गत 25 अगस्त 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, मंझनपुर में साक्षात्कार किया जायेगा। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग एस सिद्दीकी ने देते हुए अभ्यर्थी से साक्षात्कार के लिए अपने मूल अभिलेखों एवं अन्य आवश्यक प्रपत्रों के साथ निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**कौशाम्बी।** जनपद स्तरीय खुली ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन 05 एवं 06 सितम्बर 2022 को ग्रामीण स्टेडियम गिरछा, विकास खण्ड सिराथू में किया जायेगा जिसमें ब्लाक स्तर से विजयी प्रतिभागी जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगें। यह जानकारी जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0 दल अधिकारी मयंक पटेल ने देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर ,800 मीटर 1500 मीटर 3000 मीटर दौड़ लम्बीकूद ऊंची कूद डिस्कस शॉटपुट एवं जैवलिन कबड्डी वालीवाल कुश्ती एवं भारोत्तोलन आदि विधाओं का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में समस्त विकास खण्डों के क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी अपने-अपने विकास खण्डो के विजयी प्रतिभागियों के साथ नियत तिथि, स्थान व समय पर उपस्थित रहेंगे।

# नेशनल इं.का. की खोखो टीम ने प्रथम स्थान पाकर अपने प्रतिद्वंद्वी टीम को हराकर परचम लहराया

अखंड भारत संदेश

### खोखो टीम वापस आने पर प्राचार्य सहित प्रबंधक ने फूल माला पहनाकर किया जोरदार स्वागत बाटी गई मिठाई

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी की नेशनल इंटर कॉलेज की खोखो टीम सरसवा स्थित जवाहर लाल इंटर कॉलेज गई थी जहां पर जिलास्तरीय खोखो टीम की प्रतियोगिता होनी थीजिसमे भरवारी स्थित नेशनल इंटर कॉलेज की खोखो टीम ने भी अपना प्रदर्शन किया वहा उपस्थित सभी कॉलेज की टीमो ने अपना प्रदर्शन किया जिसमे खोखो टीम भरवारी की फाइनल मुकाबला आश्रम पद्धित ककोड़ा सिराथू से भिड़ंत हुई जिसमे नेशनल इंटर कॉलेज की खोखो टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी टीम आश्रम पद्धति ककोड़ा को पराजित करते हुए जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया जिससे कॉलेज की गरिमा में चार चांद लगे आपको बता दे कि खोखो टीम अपना परचम लहराने के


खो खो टीम खिलाड़ी

बाद जब अपने कॉलेज आयी तब कॉलेज के प्राचार्य कलीम अहमद व कॉलेज के प्रबंधक रवि नारायण तिवारी ने टीका लगाकर जोरदार स्वागत किया इस मौके पर कॉलेज के समस्त टीचर करुणेश तिवारी भुवनेश्वर तिवारी राकेश त्रिपाठी चंद्र कांत शुक्ला तथा खोखो टीम का नेतृत्व कर रहे अजय कुमार को जीत की बधाई दी।

संपादकीय

# कोरोनाकाल में दवा कंपनियों ने खेला डोलो-डोलो

**माइक्रो** लैब द्वारा डॉक्टरों को एक हजार करोड़ रुपये के उपहार देने, नहीं देने पर लाख सफाई दी जा सकती हैं पर इस सत्यता से तो इनकार नहीं किया जा सकता कि कोरोना महामारी के दौरान अधिकांश डाक्टरों की कलम से कोई दवा लिखी जा रही थी या सुझाई जा रही थी तो वह डोलो 650 अवश्य होती थी। जहां एक ओर लोग कोरोना महामारी से जूझते हुए जीवन-मरण के संघर्ष से जूझ रहे थे तो दूसरी और कुछ लोग संपूर्ण मानवता को धता बताकर अवसर को मुनाफे में बदलने में जुटे थे। मानवता को कलुषित करने का इससे बड़ा दूसरा उदाहरण नहीं हो सकता। पिछले दिनों न्यायालय में दाखिल जनहित याचिका के पहले तक तो यही माना जा रहा था कि कोरोनाकाल में मानवता के कुछ दुश्मन इंजेक्शन की कालाबाजारी, नकली इंजेक्शन बेचने, अस्पतालों में भरे हुए बेड बताकर लोगों की मजबूरी का फायदा उठाने या फिर बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर व अन्य बहानों से अनाप-शनाप पैसा लूटने में ही लगे थे। पर बुखार की एक छोटी सी गोली के माध्यम से देश में इतना बड़ा खेल होना बेहद दुखद, निराशाजनक और माफिय के गठबंधन को उजागर करने वाला है। देश के सर्वोच्च न्याय के मंदिर में जनहित याचिका की सुनवाई कर रही दो सदस्यीय पीठ के सदस्य न्यायमूर्ति डीवाई चन्द्रचूड की यह टिप्पणी की कोरोना महामारी के दौरान उन्हें भी डाक्टरों ने डोलो 650 लेने को कहा था, इसकी गंभीरता को समझा जा सकता है।

किसी जमाने में डोलोपार के नाम से आने वाली दवा में कुछ बदलाव कर डोलो 650 के नाम से बाजार में उतारा गया। बुखार के लिए पैरासिटामोल जेनेरिक दवा है। इसके साल्ट में ही अन्य साल्ट का इजाफा कर बाजार में ब्रांडेड दवाइयां आती हैं। कालपोल, क्रोसिन और इसी तरह की अन्य दवाएं बाजार में जानी-मानी रही हैं पर कोरोना काल में अचानक डोलो 650 चिकित्सकों की पसंदीदा दवा बन गई। जहां देखो वहीं बुखार की दवा के रूप में डोलो 650 का नाम ही सुनाई देने लगा। हालांकि दबी जुबान में खासतौर से सरकारी संस्थानों के डॉक्टर पैरासिटामोल को ही सबसे अधिक कारगर दवा बताते रहे पर गंभीरता का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि कोरोनाकाल में एक मोटे अनुमान के अनुसार प्रतिदिन 55 लाख डोलो 650 गोलियां बिकने लगीं। जानकारों की माने तो इससे प्रतिदिन 86 लाख रुपये कमाए जाने लगे। हो सकता है यह आंकड़े अतिशयोक्तिपूर्ण हो। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार मार्च, 2020 से दिसबंर, 2021 की अवधि में 567 करोड़ रुपये की डोलो 650 दवा की बिक्री हुई। इस 22 माह में बिकी डोलो 650 की गोलियों को एक के ऊपर एक रखा जाए तो यह माउंट एवरेस्ट और बुर्ज खलीफा की ऊंचाई से हजारों गुणा अधिक ऊंची हो जाती है।

# भारत की अंतरराष्ट्रीय स्वतंत्र विदेश नीति

**भारत** में वर्तमान में अपनी वैश्विक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर बनाया है' विदेशों में भारत की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। इस समय बहुत बड़ा योगदान भारत के हर क्षेत्र के डिजिटलाइजेशन का भी बहुत ज्यादा रहा है' भारत की गुटनिरपेक्ष विदेश नीति भारतीय हित के लिए बेहतर परिणाम लाने वाली होगी। ईश्वर ना चाहे कि विश्व युद्ध हो पर यदि वैश्विक युद्ध छेड़ा गया तो भारत एकमात्र राष्ट्रों का जिस की विदेश नीति गुटनिरपेक्ष थक गई होगी और संभव है कि भारत विश्व का गुटनिरपेक्ष नेता होगा। भारत में डिजिटलाइजेशन के नए आयामों को छुआ है और विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका भी निभा रहा है' इसमें दो मत नहीं कि इसमें वर्तमान एवं पूर्व के प्रधानमंत्रियों को भी बड़ा योगदान रहा है' प्रथम जवाहरलाल नेहरू की पंचशील के सिद्धांत की नीति और उनके भविष्य की कल्पना ने भारत को विकास की नई दिशा में अग्रसर किया है। पिछले 8 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति में खुलापन तथा विदेशी निवेशकों को भारत में आमंत्रित किया है उससे इसमें बड़े परिवर्तन की संभावनाओं इजाफा किया है' भारत विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है' कई वर्षों से ब्रिटिश उपनिवेश में रहने और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी, भुखमरी ,बेरोजगारी जैसे बड़े रुकावटी कारकों का से जिस तरह डटकर मुकाबला कर उस से निजात पाने का प्रयास किया है वह अत्यंत उल्लेखनीय है ।स्वतंत्रता मिलने के पश्चात भारत में नियोजन की नीति अपनाई तथा वर्ष 1951 में प्रारंभ पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सराहनीय प्रगति की है' वर्ष 1951 से लेकर अब तक 12 पंचवर्षीय योजनाएं क्रियान्वित की जा चुकी है' वर्ष 2015 में राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान की स्थापना की गई जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में सहयोग कर रहा है' वैश्विक स्तर पर भारत की खेती 1990 के पश्चात निरंतर बढ़ रही है इस दिशा में 1990 के दशक में भारत सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली उदारीकरण निजीकरण तथा वैश्वीकरण की नीति का महत्वपूर्ण योगदान भी माना जा रहा है' उक्त समय में भारत की दशा अत्यंत दयनीय थी इसके अतिरिक्त मुद्रास्फीति बेरोजगारी जैसी स्थित ने विकराल रूप धारण कर लिया था, किंतु विकास की नीति को अपनाने के पश्चात से भारत ने इन परिस्थितियों से निपटने के साथ ही आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या के उपयोग कर विश्व पटल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है' भारत की विशाल जनसंख्या को आर्थिक सफलता के मजबूत स्तंभ कहा जा सकता है। भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या का उपयोग कर उत्पादन को कई गुना बढ़ाया है।

# बिहार में पुलिस दमन मानों प्रजातंत्र न हो सजातंत्र हो

ललित गर्ग



**बिहार** में फिर जंगलराज शुरू हो गया है। नई सरकार बनते ही पुलिस बर्बरता देखने को मिल रही है। लीडरशीप भ्रष्ट हो तो पुलिस-प्रशासन कैसे ईमानदार एवं अनुशासित होगा? कल ही छोटे परदे पर तब यह देख कर मन को गहरा असन्तोष हुआ जब एक एडीएम तिरंगा लिए गिरे पड़े एक बेरोजगार युवक को रोजगार की मांग करने पर बेरहमी से पीट रहे थे। देश की सेवक, जनता की रक्षक, अपराधियों को सजा दिलाने वाली, कानून व्यवस्था को बनाये रखने वाली पुलिस की इस तरह की बर्बर, क्रूर एवं खौफनाक छवि कोई नयी बात नहीं है। यह खाकी एवं खादी की मिलीभगत का परिणाम है, इसी खाकी के बल पर खादी वाले घौंसपट्टी जमाते हैं और इसी खादी के बल पर खाकी वाले आपराधिक कृत्यों, घालमेल, आर्थिक अनियमितताओं, कमजोरों पर अत्याचार, दमन, लाठीचार्ज और जमीन से लेकर हर तरह के सौदों में हेरफेर को अंजाम देते हैं। लोकतंत्र के मुखपृष्ठ पर ऐसे बहुत धब्बे हैं, अंधेरे हैं, वहां मुखौटे हैं, गलत तत्त्व हैं, खुला आकाश नहीं है। मानो प्रजातंत्र न होकर सजातंत्र हो गया। क्या यही उन शहीदों का स्वप्न था, जो फांसी पर झूल गये थे? व्यवस्था और सोच में व्यापक परिवर्तन हो ताकि अब कोई बेरोजगार रोजगार की मांग करने पर डंडें ना खाये। पूरी दुनिया में शायद कहीं ऐसी बर्बर, दमनकारी एवं हिंसक पुलिस नहीं होगी, जैसी भारत में है। किसी आंदोलन, धरना-प्रदर्शन से निपटने का उसे एक ही तरीका पता है- दमन और डंडे का। यह हिंसक एवं अत्याचारी प्रवृत्ति बढ़ती ही जा रही है। जहां भी कोई आंदोलन सिर उठाता है, पुलिस अपनी लाठी-बंदूक उठा लेती है। बिहार में शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों पर उसका ह्यशौर्य प्रदर्शनह्ल इसका काला उदाहरण है। सब जानते हैं कि वहां शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में लंबे समय से टालमटोल का रवैया बना हुआ है। राज्य के वर्तमान उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जब विपक्ष में थे तो वे यह दावा करते नहीं थकते थे कि अगर उनकी सरकार होगी, तो शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को तत्काल शुरू करेगी, ताकि राज्य की शिक्षा-व्यवस्था बेहतर हो सके। फिर यह अत्याचार क्यों? पुलिस इतनी निरंकुश बिना राजनीतिक दिशा-निर्देश एवं संरक्षण के हो नहीं सकती कि वो ऐसा कहर बरपाये। रोज-रोज की घटनाओं में आज एक आम आदमी भी अपने अनुभव से जानता है कि ये जनता के रक्षक नहीं बल्कि भक्षक हैं, वदीर्धारी गुण्डे हैं।

बात किसी एक दल या उसकी सरकार की नहीं है, पुलिस की ज्यादतियां हर दल की सरकारों की त्रासद निष्पत्तियां हैं। ज्यादा दिन नहीं हुए, जब उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में इसी तरह टेट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर छात्र आंदोलन पर उतरे थे और पुलिस ने बेलगाम अपनी ताकत का प्रदर्शन किया था। उसकी घोर निंदा हुई थी। मगर बिहार पुलिस ने उससे सबक लेना जरूरी नहीं समझा। ठीक वैसा ही बल प्रयोग पटना में किया गया। सरकार अगर कानून-व्यवस्था को लेकर लोकतांत्रिक तौर-तरीका अपनाना चाहती, तो पुलिस इस तरह मध्ययुगीन बर्बरता का खुला प्रदर्शन नहीं करने पाती। आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बाद भी भारत में बेरोजगारी और भुखमरी की स्थिति विस्फोटक है। सन् 1946 में पांच करोड़ टन अनाज पैदा होता था और आज लगभग 36 करोड़ टन पैदा करके भी हम देशवासियों का पेट नहीं भर पा रहे हैं। दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने की अग्रसर देश अपने बेरोजगार युवकों को रोजगार नहीं दे पा रहा है। औद्योगिक नीति से धुआं उगलने वाले कारखानों की चिमनियों में वृद्धि हुई है पर गरीब के चूल्हे की चिमनी में धुआं नहीं है। भवनों की मंजिलें और बढ़ गईं पर झोंपड़ियों पर छतें नहीं हैं। अन्तराल बढ़ा है, यह सच्चाई है। इससे बड़ी सचाई यह है कि इस देश का मजबूर, गरीब एवं बेसहारा आदमी ही पुलिस की बर्बरता का शिकार होता है? लेकिन कब तक? गौरतलब तथ्य यह भी है कि पुलिस हिरासत में अक्सर गरीब लोग ही मारे जाते हैं। उन्हीं को शारीरिक एवं मानसिक यन्त्रणाएँ देकर मारा जाता है। अमीरों के लिए तो जेल में भी सुविधा की सैरगाह है।

विकासशील देशों में महंगाई बढ़ती है, मुद्रास्फीति बढ़ती है, यह अर्थशास्त्रियों की मान्यता है। पर बेरोजगारी क्यों बढ़ती है? पुलिस की बर्बरता क्यों बढ़ती है? एक और प्रश्न आम आदमी के दिमाग को झकझोरता है कि तब फिर विकास से कौन-सी समस्या घटती है?क्यों गरीब एवं जरूरतमंद की आवाज को ही दबाया जाता है? किससे छिपा है कि पुलिस सरकारों के इशारों पर काम करती है। अगर सरकार आंदोलनकारी छात्रों-अभ्यर्थियों की समस्या सुनने और उसका समाधान निकालने की इच्छुक होती, तो उनसे बातचीत के रास्ते खोलती। मगर अब तो सरकारों ने जैसे मान लिया है कि लोगों की आवाज दबाने का एक ही तरीका है दमन, डंडा एवं बर्बरता। जैसे ही कोई आंदोलन उठे, उसे लाठी-डंडे के बल पर रोक दो।

दरअसल, हमने पुलिस-व्यवस्था अंग्रेजों के समय की ही अपना ली है। उस समय अंग्रेजी सरकार इन्हीं पुलिस-बल के सहारे हिन्दुस्तानी लोगों को कुचलती, उन पर बर्बरता करती, अत्याचार करती। उन्हें देश का नागरिक ना समझकर दुश्मन मानती थी। अब तो हम आजादी भारत के निवासी है, हम पर वो ही बर्बरता क्यों?

> दरअसल, हमने पुलिस-व्यवस्था अंग्रेजों के समय की ही अपना ली है। उस समय अंग्रेजी सरकार इन्हीं पुलिस-बल के सहारे हिन्दुस्तानी लोगों को कुचलती, उन पर बर्बरता करती, अत्याचार करती। उन्हें देश का नागरिक ना समझकर दुश्मन मानती थी। अब तो हम आजादी भारत के निवासी है, हम पर वो ही बर्बरता क्यों?

जरूरत है पुलिस के समुचित प्रशिक्षण का। किसी भी लोकतंत्र में नागरिकों को अपने हक के लिए आवाज उठाने का अधिकार है और उसे सुनना सरकारों का दायित्व। पुलिस को कोई अधिकार नहीं कि इस तरह आंदोलनकारियों पर बल प्रयोग करे।

उनके साथ हिंसक व्यवहार करे। अगर कहीं, किसी वजह से भीड़ बेकाबू हो जाए, तो हवा में गोली चलाने, आंसू गैस के गोले दागने, पानी की बौछार करने आदि का नियम है। लेकिन ऐसा नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है, विरोधाभासी है।

प्रश्न तो यह भी है कि लाठी से पीट कर अधमरा कर देने का अधिकार पुलिस को किसने दिया है। यह अधिकार उसे सरकारें देती हैं। उन्हीं के इशारे पर आंदोलनकारियों के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है। इस मामले में बिहार सरकार अपनी जवाबदेही से पल्ला नहीं झाड़ सकती। जिस पुलिस अफसर ने अभ्यर्थियों पर लाठियां बरसाईं, उसे कठोर दंड मिलना चाहिए और साथ ही पुलिस को स्पष्ट निर्देश होना चाहिए कि किसी भी आंदोलन से निपटने का क्या तरीका होगा। लोकतंत्र लाठी के बल पर जिंदा नहीं रह सकता। जब पटना की घटना की तस्वीरें तेजी से प्रसारित होनी शुरू हुईं, तो पहले सरकार ने घटना से अनजान होने का नाटक किया, फिर इसकी जांच के लिए एक समिति गठित कर दी। सरकारों का यह तरीका अब बहुत घिस-पिट चुका है।

हमारे लिए हमारे साथ होने का दम भरने वाली पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था का नाम लेकर आम सीधे-साधे, भोले-भाले नागरिकों पर आतंक एवं क्रूरता का जंगलराज कायम किया जाता है। जुल्म और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वालों को पुलिस दमन का शिकार होना पड़ता है। लेकिन सोचने की बात यह भी है कि क्या पुलिसकर्मी इतने दरिन्दे और वहशी जन्मजात होते हैं या उन्हें वैसा बनाया जाता है। यह व्यवस्था उन्हें वैसा बनाती है, ताकि आम जनता में भय और दहशत फैलाकर निरंकुश पूँजीवादी लूट एवं राजनीतिक अपराधों को बरकरार रखा जा सके।

जिस तरह से समाज में आम बेरोजगारों की फौज खड़ी है, उन्हीं में से वेतनभोगियों की नियुक्ति की जाती है और अनुभवी घाघ नौकरशाहों की देखरेख में उन्हें समाज से पूरी तरह काटकर उनका अमानवीकरण कर दिया कर जाता है और इस व्यवस्था रूपी मशीन का नट-बोल्ट बना दिया जाता है। जेलों में कैदियों के साथ अमानवीय बर्ताव, झूठे मामलों में लोगों को फँसा देना, हिरासत में उत्पीड़न की इन्तहा से लोगों की जान ले लेना, ये आम बातें हैं। तभी तो हाईकोर्ट के एक प्रसिद्ध वकील ने कहा था कि ह्यइस देश की पुलिस एक संगठित सरकारी गुण्डा गिरोह है।

# साम्राज्यवादी चीन की रफ्तार पर ब्रेक आवश्यक

डॉ. अनिल कुमार निगम

साम्राज्यवादी देश चीन एशिया में अपना प्रभाव बहुत तेजी से बढ़ाता जा रहा है। चीन के मिसाइल ट्रैकिंग शिप युआन वांग 5 को श्रीलंका द्वारा हंबनटोटा बंदरगाह में आने की इजाजत देने और चीन से नेपाल के बीच रेलवे लाइन बनाने के प्रस्ताव से भारत की न केवल चिंता बढ़ गई है बल्कि भारत को साम्राज्यवादी देश चीन से सामरिक खतरा पैदा हो गया है। चीन, श्रीलंका और पाकिस्तान को पहले ही आर्थिक कर्ज के तले दबाकर वहां पर अपनी दखलंदाजी शुरू कर चुका है। वहीं वह नेपाल को भी अपनी ऋण नीति के आईने में उतारता जा रहा है। आगामी समय में चीन की यह नीति भारत के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन सकती है। श्रीलंका सरकार ने भारत के विरोध के बावजूद चीन के विवादित जासूसी जहाज को अनुमति दी है। भारत के लिए हिंद महासागर क्षेत्र सांमरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह पारंपरिक प्रभाव वाला क्षेत्र माना जाता है। वास्तविकता तो यह है कि दिवालिया हो चुकी श्रीलंका सरकार का हंबनटोटा बंदरगाह के प्रशासन पर बहुत कम नियंत्रण है। वह कर्ज का भुगतान करने में असमर्थ है। इसीलिए 99 सालों के लिए बंदरगाह को चीन को पट्टे पर दे दिया है। यह क्षेत्र में पड़ोसियों के लिए भू-राजनीतिक सिरदर्द बना हुआ है क्योंकि पीएलए अपने लाभ के लिए श्रीलंका के इस बंदरगाह का उपयोग भारत की जासूसी के लिए कर सकता है। यही नहीं, यह जहाज कुडनकुलम और कलपक्कम परमाणु रिएक्टरों के साथ-साथ चेन्नई और थूथुकुडी बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। चीन का यह जहाज टॉप-ऑफ-द-लाइन एंटेना और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से लैस है। चीन सिर्फ श्रीलंका ही नहीं बल्कि भारत के अन्य पड़ोसी देशों को भी ऐन केन प्रकारेण अपने प्रभाव क्षेत्र में ले रहा है। 12 मार्च, 2022 की नेपाल सरकार की एक रिपोर्ट में कहा गया कि चीन उनके इलाके में घुसपैठ कर रहा है। ये अतिक्रमण दोनों देशों की सीमा से सटे इलाकों में हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि चीन हुमला जिले की जमीन पर कब्जा कर रहा है। चीनी सुरक्षा बल यहां निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने लालुंगजोंग नामक स्थान पर नेपाली लोगों को धार्मिक गतिविधियां करने से भी रोका है। चीन, नेपाल को भी अपनी कर्ज की नीति के तहत अपने जाल में फंसा चुका है। चीन पहले भी नेपाल को 6.67 अरब रुपये का कर्ज दे चुका है। और अब चीन ने इस साल नेपाल को 15 अरब रुपये की मदद देने का ऐलान भी किया है। इसे नेपाल में चल रहे अलग-अलग परियोजनाओं में निवेश के लिए दिया जा रहा है। नेपाल एयरलाइंस ने छह विमानों के उत्पादन के लिए चीनी सरकार के एविएशन इंडस्ट्री कॉरपोरेशन ऑफ चाइना के साथ एक वाणिज्यिक समझौते पर नवंबर 2012 में हस्ताक्षर किए थे। डील को आसान बनाने के लिए चीन ने नेपाल को करीब 6.67 अरब रुपये का कर्ज दिया। नेपाल ने बड़ी उम्मीदों के साथ चीन से विमान खरीदा। नेपाल को उम्मीद थी कि उनके संचालन से वह मुसीबतों से गुजर रहे नेपाल एयरलाइंस कॉरपोरेशन के लिए राजस्व अर्जित करेगा लेकिन दो साल से ज्यादा समय बीत चुका है। चीन के लग्जरी विमान नेपाल की जमीन पर खड़े होकर जंग खा रहे हैं। पाकिस्तान भी चीन के कर्ज जाल में फंस चुका है। वह भी आर्थिक संकट से गुजर रहा है। पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड निचले स्तर पर है। इस कारण अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी पाकिस्तान को राहत पैकेज देने से पहले कड़ी शर्तों की बौछार कर दी है। पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय के अनुसार, जून 2013 में पाकिस्तान का कुल सार्वजनिक रूप से गारंटीकृत बाहरी कर्ज 44.35 अरब डॉलर था, जिसमें से सिर्फ 9.3 फीसदी चीन का बकाया था। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, अप्रैल 2021 तक, यह विदेशी ऋण बढ़कर 90.12 बिलियन डॉलर हो गया था, जिसमें पाकिस्तान पर चीन का कर्ज कुल विदेशी कर्ज का 27.4 फीसदी था। चीन श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे कमजोर देशों में अपने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत अरबों डॉलर मूल्य की परियोजनाओं को हासिल करने में कामयाब रहा। पाकिस्तान की तरह ही चीन ने बीआरआई के जरिए श्रीलंका को भी उल्लू बनाया। इन परियोजनाओं में से अधिकांश हंबनटोटा जिले में धूल फांक रही हैं। हंबनटोटा बंदरगाह दक्षिणी श्रीलंका में पूर्व-पश्चिम समुद्री मार्ग के करीब स्थित है। इस बंदरगाह का निर्माण वर्ष 2008 में प्रारंभ हुआ, जिसके लिए चीन ने श्रीलंका को लगभग 1.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर का कर्ज दिया था। लेकिन, श्रीलंका को इस बंदरगाह से रत्ती भर भी फायदा नहीं हुआ। यही कारण था कि श्रीलंका की सरकार ने कर्ज चुकाने के डर से जानबूझकर इस बंदरगाह को 99 साल की लीज पर चीनी कंपनी को सौंप दिया। हंबनटोटा बंदरगाह के पास ही राजपक्षे हवाई अड्डा है। इसका निर्माण 200 मिलियन डॉलर के कर्ज पर किया था। इस हवाई अड्डे का इस्तेमाल इतना कम किया जाता है कि एक समय में यह अपना बिजली का बिल भी चुकाने में सक्षम नहीं था। अब चीनी कंपनियां अपने फायदे के लिए इसका इस्तेमाल करती हैं। चीन के इस कदम की अमेरिका समेत कई देशों ने आलोचना की, लेकिन श्रीलंका और पाकिस्तान के कानों में जूं नहीं रेंगा। उधर चीन ने दक्षिण चीन सागर में जारी तनाव के बीच अब वियतनाम के पास मिसाइल बेस बनाया है। चीन की सेना ने यहां जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को तैनात कर रखा है। पड़ोसी देशों में चीन का बढ़ता प्रभुत्व विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के लिए बहुत बड़ा सामरिक खतरा पैदा हो गया है। अब समय आ गया है कि भारत अपनी विदेश नीति में आमूलचूल परिवर्तन करे। भारत के लिए आवश्यक है कि एक ओर तो वह कूटनीतिक तरीके से वैश्विक समुदाय के बीच चीन की एक आक्रांता की छवि बनाए और साथ ही अपनी आक्रामक नीति के माध्यम से चीन की विस्तारवादी नीति पर अंकुश भी लगाने का सार्थक प्रयास करे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सोनाली फोगाट का मर्डर या हार्ट अटैक

सत्यवान 'सौरभ'

**हरियाणा** की बीजेपी नेत्री सोनाली फोगाट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. डॉक्टर्स ने मौत का कारण दिल का दौरा पड़ना बताया है लेकिन परिवार ने दावा किया है कि सोनाली फोगाटकी हत्या हुई है. सोनाली की बहन रुपेश ने मीडिया से बताया है कि उन्होंने मौत से पहले ही अपनी मां से फोन में बात की थी और कहा था कि 'खाने में कुछ गड़बड़ है, जिसका असर मेरे शरीर में पड़ रहा है' सोनाली फोगाट के परिवार का कहना है कि यह मौत नहीं बल्कि हत्या है और इसकी जांच सीबीआई को करनी चाहिए। सोनाली फोगाट का मर्डर हुआ या हार्ट अटैक से उनकी जान गई यह अब जांच का विषय बन गया है. सोनाली की बहन ने कहा है कि रविवार को ही सोनाली की उनकी माँ से बात हुई है. वह बिल्कुल ठीक थी और अपने फार्म हाउस में थीं. लेकिन माँ से उन्होंने कहा था कि उन्हें अपने शरीर में कुछ गड़बड़ लग रही है जैसे किसी ने मेरे साथ कुछ किया हो. शाम को भी सोनाली की अपनी माँ से बात हुई थी. जिसमे उन्होंने कहा था 'मेरे खिलाफ साजिश रची जा रही है. 22 से 25 अगस्त तक सोनाली फोगाट गोवा टूर में गई हुई थी. काम के सिलसिले में वह मुंबई से गोवा गई थीं. लेकिन जिस दिन वो वहां गईं ठीक उसी दिन की रात सोनाली की हार्ट अटैक से मौत हो गई. सोनाली की एक बेटी है जो अब अनाथ हो गई है क्योंकि कुछ सालों पहले ही सोनाली के पति की भी मौत हो चुकी है. आखिर इस नेता का क्या हुआ ये तो वक्त ही बताएगा. मगर देश में राजनीतिक हत्याओं का दौर नया नहीं है. आजादी से पहले पुणे के लोगों द्वारा उठाए गए अन्याय को समाप्त करने के लिए, चापेकर भाइयों ने 22 जून 1897 को रैंड और उनके सैन्य अनुरक्षण लेफ्टिनेंट आयर्स्ट को गोली मार दी। ऑस्ट्रिया-हंगरी के आर्कड्यूक फ्रांज फर्डिनेंड की हत्या। गैवरिलो प्रिंसिप के हाथों उनकी मृत्यु - एक सर्बियाई राष्ट्रवादी, जो गुप्त सैन्य समूह से संबंध रखता है जिसे ब्लैक हैंड के रूप में जाना जाता है - ने प्रमुख यूरोपीय सैन्य शक्तियों को लाखों और लाखों मौतों के साथ युद्ध की ओर प्रेरित किया। टिकट मिलने या न मिलने, नेता की नजर में चढ़ने या गिरने, सत्ता में हिस्सेदारी की संभावना बनने या बिगड़ने के कारण गुस्से, इस्तीफों तथा नए आश्चर्यजनक गठबंधनों का दौर कभी खत्म नहीं होता। इन मतभेदों का एक गंभीर पक्ष है, राजनीतिक हिंसा। शिखर नेताओं पर हुए खतरनाक हमलों से भारत की राजनीति भी विषाक्त है। अब्राहम लिंकन, जॉन एफ कैनेडी, इंदिरा गांधी और बेनजीर भुट्टो की जीवन ज्योति उनके राजनीतिक जीवन के चरम पर बुझा दी गई। आजादी के बाद से राजनीतिक हत्याओं का दौर भारत के राजनीतिक जीवन को भी लहूलुहान करता आया है। भारत को आजादी मिले छह महीने भी नहीं हुए थे कि महात्मा गांधी की हत्या ने दुनिया को हिला दिया। वर्ष 1953 में कश्मीर की शेष भारत के साथ एकता का आंदोलन करने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की श्रीनगर की जेल में रहस्यमय मृत्यु हो गई थी। वाजपेयी ने शेख और नेहरू की दुरभिसंधि से की गई राजनीतिक हत्या बताया था। उसकी तो जांच तक नहीं की गई, जबकि श्यामा प्रसाद मुखर्जी नेहरू सरकार में पहले उद्योग मंत्री और भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष थे। जनसंघ के दूसरे अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय 1968 में मुगलसराय स्टेशन पर मृत पाए गए थे। उनकी रहस्यमय हत्या की साधारण जिला स्तरीय जांच हुई। पंजाब के ताकतवर मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों की 1965 में रोहतक में हत्या कर दी गई और इसका कारण व्यक्तिगत दुश्मनी बताया गया। तब यह मुद्दा भी उठा था कि अधिनायकवादी तौर पर काम करने वाले कैरों के राजनीतिक शत्रुओं की क्या कमी हो सकती है। फिर नागरवाला हत्याकांड हुआ। नागरवाला ने कथित तौर पर इंदिरा गांधी की आवाज बदलकर स्टेट बैंक से 60 लाख रुपये निकलवाए थे। नागरवाला पकड़े गए और हिरासत में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए और बाद में इस मामले में जांच कर रहे अधिकारी की भी रहस्यमय मृत्यु हो गई। भारत की तीसरी प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर 1984 को 09:20 पर उनके सफदरजंग रोड, नई दिल्ली स्थित आवास पर हत्या कर दी गई थी। ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद, अमृतसर में स्वर्ण मंदिर पर भारतीय सेना के जून 1984 के हमले के बाद, उसके दो अंगरक्षकों, सतवंत सिंह और बेअंत सिंह ने उसे मार डाला, जिससे सिख मंदिर को भारी नुकसान हुआ। अगले चार दिनों में, जवाबी हिंसा में हजारों सिख मारे गए। यदि आप राजनीति का हिस्सा बनने की आकांक्षा रखते हैं तो आपको राजनीति विज्ञान का अध्ययन करना आवश्यक है। आधुनिक दौर में राजनीति अब नौसिखियों की समझ से परे हो रही है। नतीजन राजनीति के मैदान में टिकना अब परंपरागत दिग्गजों तक सीमित रह गया है। शख्सियत का फायदा राजनीति में परंपरागत नजरिये से उचित माना जाता है। बदलावों के दौर में राजनीति करना किसी चुनौती से कम नहीं आंका जा सकता। अब तो राजनीति करने की लालसा, वंशवादिता और संपर्कवादिता तक सीमित रह गयी है। वंशवादिता में राजनीति का कमान मिलना वंशपरंपरा के अधीन रहता है तो दूसरी ओर संपर्कवादिता के जरिए किसी बडे राजनेता के संपर्क में आने से राजनीतिक कमान प्राप्त करने की अभिलाषा पूर्ण हो जाती है। कहावत है कि "राजनीति एक गंदा खेल है"। मौजूदा समय में बड़े कारोबारी, फिल्मकार, खिलाडी, विद्वान सहित पत्रकार एवं नौकरशाह जैसे लोगों की राजनीति में न केवल रुचि बढी है अपितु वे राजनीति की महत्ता को भी समझने लगे हैं। अब राजनीति अपने अछूतपन से बरी हो चुकी है। सकारात्मक नजरिए से देखें तो नौजवानों की आवश्यकता राजनीतिक परिवेश में राष्ट्र निर्माण के लिए जरूरी है।

## अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट सुब्रतो कप के 61वें संस्करण का आयोजन 06 सितंबर से

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट सुब्रतो कप के 61वें संस्करण का आयोजन 2 साल के बाद होने जा रहा है। कोरोना महामारी के चलते दो साल इस प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हो पाया था। सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी एवं एयर फोर्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किये जाने वाले इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की आज घोषणा की गयी जो कि 6 सितंबर से 13 अक्टूबर के बीच हर बार की तरह नई दिल्ली में खेला जाएगा। सुब्रतो कप की घोषणा के मौके पर सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्टस एजुकेशन सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी एवं विंग कमांडर यशवंत सिंह पंघल ने कहा मुझे ये बताते हुए काफी खुशी हो रही है कि सुब्रतो कप का आयोजन हम फिर से कर पा रहे हैं। जिसका उद्देशय भारत में ज़मीनी स्तर पर फुटबाल को प्रमोट करना है। कोरोना की वजह से इस प्रतियोगिता का आयोजन पिछले 2 साल नहीं हुआ था । सितंबर में इस प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को मैं हार्दिक बधाई देता हूं। सुब्रतो कप का आयोजन 3 कैटेगरी में किया जाएगा। सब जूनियर बॉयज़ (अंडर-14) जिसकी शुरूआत 6 सिंतबर को होगी और 15 सितंबर को इसका फाइनल खेला जाएगा। जूनियर गर्ल्स (अंडर-17) जो 19 सितंबर से शुरू हो कर 28 सितम्बर तक खेला जाएगा, वहीं जूनियर बॉयज़ (अंडर -17) केटेगरी की शुरुआत 03 अक्टूबर को होगी जिसका फाइनल 22 अक्टूबर को होगा और इसी दिन सुब्रतो कप का समापन समारोह भी निर्धारित है। सुब्रतो कप के उद्धाटन समारोह और फाइनल का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्टस पर होगा। वहीं इस प्रतियोगिता के विजेता,उपविजेताओं को विभीन्न आयु वर्ग में कुल 23 लाख की धनराशि दी जाएगी। अन्य धन राशि वाले पुरस्कार जैसे फेयर प्ले, बेस्ट प्लेयर, बेस्ट गोलकीपर, बेस्ट कोच एवं बेस्ट स्कूल हैं।




## वाको नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों को मिले तीन पदक

**रांची।** चेन्नई में आयोजित वाको इंडिया नेशनल सीनियर्स और मास्टर्स किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाडि़यों ने भी जलवा बिखेरा है। इसमें राज्य के आठ खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें तीन ने पदक हासिल किया। रामगढ के प्रवीण कुमार ने अंडर 86 किग्रा इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया। अपूर्व मुखर्जी ने पॉइंट फाइट में अंडर 57 किग्रा भार वर्ग में कांस्य जबकि धनबाद के रणजीत रॉय ने अंडर 63.5 किग्रा भार वर्ग में कांस्य हासिल किया। इन तीनों के अलावा आरती कुमारी पांचवां प्लेस (पॉइंट फाइट), किक लाइट में चंद्र प्रकाश उपाध्याय छठा प्लेस, म्यूजिकल फॉर्म्स इवेंट में काजल कुमारी नवम प्लेस (पॉइंट फाइट) और किक लाइट इवेंट में सत्यम कुमार नवां प्लेस, सोनू कुमार साहू नवां प्लेस ( किक लाइट और सत्रहवां प्लेस पॉइंट फाइट इवेंट में) हासिल किया।

टीम कोच के रूप में एमडी इबरार कुरैशी झारखंड के संग थे। झारखंड अमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष बीसी ठाकुर ने खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। यह भी कहा कि संघ काफी सुचारू रूप से खिलाड़ियों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए काम कर रहा है।

झारखंड किक बॉक्सिंग संघ के महासचिव बिपुल मिश्र ने बताया कि इस बार सीनियर नेशनल में जीतने वाले खिलाड़ियों को रियाध में होने वाले वर्ल्ड कॉम्बैट गेम्स और एशियन इंडोर गेम्स, थाईलैंड में खेलने का मौका बनेगा। इन टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन इस नेशनल में किया गया है। चुने हुए खिलाड़ियों का खर्च वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा उठाया जाएगा।

## आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप 2023 की मेजबानी करेंगे गक्बेरहा,पार्ल और केप टाउन

**जोहान्सबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने खुलासा किया है कि गक्बेरहा (पूर्व में पोर्ट एलिजाबेथ), पार्ल और केप टाउन फरवरी 2023 में आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप की मेजबानी करेंगे। इसके अलावा बेनोनी और पोटचेफस्ट्रूम जनवरी 2023 में आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के पहले संस्करण के मेजबान होंगे। टूर्नामेंट के निदेशक रसेल एडम्स ने एक बयान में कहा, हम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी के लिए तीन शहरों की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, पूर्वी और पश्चिमी केप बेहतरीन सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के साथ प्रमुख क्रिकेट और पर्यटन स्थल हैं। ये स्थान इस आयोजन में भाग लेने वाले स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय प्रशंसकों के लिए क्रिकेट का एक यादगार और विशिष्ट अफ्रीकी उत्सव बनाने के लिए तैयार हैं।

# चोट से उभरे नीरज चोपड़ा, डाइमंड लीग प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** ओलिम्पिक चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा पिछले महीने लगी ग्रोइन की मामूली चोट से उबर चुके हैं और 26 अगस्त को स्विट्जरलैंड के लुसाने में डाइमंड लीग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं।

लुसाने में अच्छा प्रदर्शन चोपड़ा की सात और आठ सितंबर को ज्यूरिख में डाइमंड लीग फाइनल में जगह सुनिश्चित कर सकता है क्योंकि वह अभी तालिका में चौथे स्थान पर हैं। तालिका में शीर्ष छह में रहने वाले खिलाड़ी ज्यूरिख में होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे। लुसाने प्रतियोगिता आखिरी चरण है जिसमें पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा को शामिल किया गया है।



अमेरिका के यूजीन में 24 जुलाई को विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में एतिहासिक रजत पदक जीतने के दौरान 24 साल के चोपड़ा को चोट लगी थी जिसके कारण वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से भी हट गए थे। चिकित्सा टीम ने चोपड़ा को 4 हफ्ते के आराम की सलाह दी थी जिसके बाद वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों (28 जुलाई से 8 अगस्त) की शुरुआत से सिर्फ दो दिन पहले इन खेलों से हट गए थे। वह इसके बाद जर्मनी में रिहैबिलिटेशन से गुजरे।

चोपड़ा ने ट्वीट किया- मजबूत और शुक्रवार के लिए तैयार महसूस कर रहा हूं। समर्थन के लिए सभी का धन्यवाद। लुसाने में मिलते हैं। आयोजकों ने 17 अगस्त को जब प्रतिभागियों की सूची जारी की थी तो उसमें चोपड़ा का नाम भी था लेकिन चोट के कारण इस प्रतियोगिता में उनके हिस्सा लेने को लेकर अटकलें लगाई जा रहीं थी। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिले सुमारिवाला ने कहा था कि अगर चोपड़ा 'मेडिकल रूप से फिट' हुए तो लुसाने में प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

## इंग्लिश बल्लेबाज जाक क्रॉली ने केंट क्रिकेट के साथ अपना करार एक और साल के लिए बढ़ाया

**केंट।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जाक क्रॉली ने केंट क्रिकेट के साथ अपने करार को एक और साल बढ़ा दिया है। 2017 में अपनी पहली टीम में पूरी तरह से पदार्पण करने के बाद, केंट क्रिकेट अकादमी के स्नातक क्रॉली ने केंट के लिए 125 मैच खेले हैं और लगभग 5,000 रन बनाए हैं। 2020 में क्लब और देश के लिए बेहतरीन प्रदर्शन के बाद, क्रॉली को पीसीए यंग प्लेयर ऑफ द ईयर और विजडन के पांच क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर 2021 में नामित किया गया था। उस वर्ष, क्रॉली केंट स्पिटफायर्स टीम का हिस्सा थे। दाएं हाथ के क्रॉली केंट के छह पुरुष बल्लेबाजों में से एक हैं, जिन्होंने क्लब के लिए इंग्लैंड की तीन घरेलू प्रतियोगिताओं में से प्रत्येक में 100 या उससे अधिक रन बनाए हैं। अपने केंट अनुबंध का विस्तार करने पर, क्रॉली ने एक बयान में कहाः मैं केंट क्रिकेट अकादमी से स्नातक हूं और क्लब से एक अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर करना मेरे लिए वास्तव में रोमांचक है। हम पिछले कुछ वर्षों में एक टीम के रूप में एक साथ बहुत कुछ कर चुके हैं और हम सभी एक पक्ष के रूप में सुधार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। केंट के क्रिकेट निदेशक पॉल डाउटन ने कहा, क्रॉली एक उच्च श्रेणी के बल्लेबाज हैं जो विपक्षी गेंदबाजों पर हावी हो सकते हैं और मुझे खुशी है कि उन्होंने केंट के साथ अपना अनुबंध बढ़ाया है। उन्होंने कहा, एक रोमांचक इंग्लैंड टेस्ट टीम का हिस्सा बनने के लिए उनकी यात्रा को देखकर बहुत अच्छा लगा। वह एक बेहद मेहनती है और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनका एक लंबा और सफल अंतरराष्ट्रीय करियर होगा।

## चेतेश्वर पुजारा का रॉयल लंदन कप में तीसरा शतक, 90 गेंदों में ठोके 132 रन

**होव।** भारत के टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने रॉयल लंदन एकदिवसीय कप में यहां अपना तीसरा शतक जड़ा। ससेक्स का प्रतिनिधित्व कर रहे पुजारा की 90 गेंद में 132 रन की आतिशी पारी से टीम ने मिडिलसेक्स के खिलाफ 50 ओवर में 4 विकेट पर 400 रन बनाए। टीम की कप्तानी कर रहे पुजारा ने अपनी आक्रामक पारी में 20 चौके और दो छक्के लगाए। सलामी बल्लेबाज टॉम एलसोप ने 155 गेंद में 189 रन की पारी खेली। पुजारा और एलसोप ने तीसरे विकेट के लिए 240 रन की साझेदारी की। पुजारा ने इससे पहले वॉरविकशर के खिलाफ 107 और सरे के खिलाफ 174 रन बनाए थे। यह उनके लिस्ट-ए करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इससे पहले काउंटी चैम्पियनशिप में शानदार बल्लेबाजी के दम पर पुजारा ने इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट मैच में भारतीय टीम में वापसी की थी।



## करणदीप कोचर ने चेन्नई ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप में बनाई बढ़त

**चेन्नई ।** चंडीगढ़ के खिलाड़ी करणदीप कोचर चेन्नई ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप में मंगलवार को शुरुआती दौर में सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेल तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। पीजीटीआई में चार बार के विजेता कोचर ने इस दौरान 15 फुट की दूरी से शानदार बर्डी लगाई। श्रीलंका के एन थंगराज 66 के स्कोर के साथ दूसरे जबकि पिछले सप्ताह के पीजीटीआई टूर्नामेंट के विजेता खलिन जोशी 67 के स्कोर के साथ 50 लाख इनामी प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर हैं। अर्जुन शर्मा ने इस दौरान छठे होल में 'होल इन वन' लगाया। वह 69 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर है। नेपाल के सुकरा बहादुर राय, गुरुग्राम के कार्तिक शर्मा और मनु गंडास, चंडीगढ़ के रंजीत सिंह और हैदराबाद के मोहम्मद अजहर 68 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं।



# इंग्लैंड की दिग्गज महिला फुटबॉलर जिल स्कॉट ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास

**लंदन।** इंग्लैंड महिला फुटबॉल की स्टार मिडफील्डर जिल स्कॉट ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। स्कॉट इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक मैच खेलने वालीं दूसरी महिला फुटबॉलर हैं। उनसे ज्यादा मैच खेलने वालीं फारा विलियम्स हैं। स्कॉट महिला यूरो 2022 का खिताब जीतने वाली टीम की सदस्य भी रही हैं। स्कॉट ने 161 मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया है और 27 गोल किए हैं। उन्होंने 2022 संस्करण के अलावा तीन अन्य यूरो प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया है, जिसमें इंग्लैंड उपविजेता रही थी। उन्होंने प्रतिष्ठित फीफा विश्व कप के पिछले चार संस्करणों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में कुल 21 मैचों में हिस्सा लिया है, जो किसी और की तुलना में सर्वाधिक है। उन्होंने 2012 और 2020 के ओलंपिक में टीम ग्रेट ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व किया है। इसके अलावा उन्होंने घरेलू स्तर पर सुंदरलैंड, एवर्टन और मैनचेस्टर सिटी का भी प्रतिनिधित्व किया है। इंग्लैंड की मुख्य कोच सरीना विगमैन ने टीम की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार एक बयान में कहा, मुझे जिल को




एक बहुत ही खास करियर के लिए बधाई देनी चाहिए। मुझे बहुत खुशी है कि वह इतनी सकारात्मक स्मृति को समाप्त करने में सक्षम थी। उनके बिना इंग्लैंड की टीम की कल्पना करना कठिन होगा। वह काफी लंबे समय तक टीम की प्रतीक रही हैं। मैं उनके फैसले का सम्मान करती हूं, लेकिन हम निश्चित रूप से पिच के अंदर और बाहर उनके सकारात्मक प्रभाव को मिस करेंगे। फुटबॉल एसोसिएशन (एफए) के

**उन्होंने इस टूर्नामेंट में कुल 21 मैचों में हिस्सा लिया है, जो किसी और की तुलना में सर्वाधिक है। उन्होंने 2012 और 2020 के ओलंपिक में टीम ग्रेट ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व किया है।**

महिला फुटबॉल की निदेशक बैरोनेस सू कैंपबेल ने भी कहा, एक सर्वकालिक महान खिलाड़ी, जिल न केवल इंग्लैंड टीम के लिए, बल्कि सामान्य रूप से अंग्रेजी फुटबॉल के लिए भी एक अद्भुत राजदूत रही हैं। विश्व स्तर पर उनकी यात्रा वास्तव में उल्लेखनीय है और जिस तरह से उन्होंने हमारे खेल को आगे बढ़ाने में भूमिका निभाई है, उस पर गर्व है।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप : पोनप्पा-सिक्की की जोड़ी महिला युगल के दूसरे दौर में हारकर बाहर

**टोक्यो।** अश्विनी पोनप्पा और रेड्डी एन सिक्की की भारतीय जोड़ी बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2022 के महिला युगल वर्ग के अपने दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गई है। भारतीय जोड़ी को बुधवार को दूसरे दौर के मुकाबले में चीन की चेन किंग चेन और जिया यी फैन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। कोर्ट 1 पर खेले गए इस मुकाबले में चीनी जोड़ी ने भारतीय जोड़ी को 21-15, 21-10 से हराया। इस मैच में भारतीय जोड़ी पूरी तरह से रंगहीन रही और चीनियों की तीव्रता और शॉट-मेकिंग की बराबरी नहीं कर सकी।



नतीजा भारतीय जोड़ी सिर्फ दो सीधे गेम में बाहर हो गई। कोर्ट 3 पर खेले गए एक अन्य महिला युगल मैच में, भारतीयों को एक बार फिर निराशा का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी पूजा संतोष और संजना दांडू की जोड़ी को ली सो-ही और शिन सेउंग चान की दक्षिण कोरियाई जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। कोरियाई जोड़ी ने भारतीय जोड़ी को 21-15, 21-7 से हराया।

# बुवि में इंटर फैकेल्टी खेल प्रतियोगिताएं 29 अगस्त से 8 सितंबर तक

**राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में होगा आयोजन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं मेजर ध्यानचंद शारीरिक शिक्षा संस्थान संयुक्त रूप से करेंगे आयोजित**

**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं मेजर ध्यानचंद शारीरिक शिक्षा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इंटर फैकल्टी प्रतियोगिता का आयोजन 29 अगस्त से 8 सितंबर तक किया जाएगा।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर सुनील काबिया ने बताया कि इस अवसर पर बैडमिंटन,टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल और खो खो में छात्र सहभागिता कर सकेंगे। प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को पंजीकरण हेतु अपने आई कार्ड विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर युक्त प्रस्तुत करना होगा। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. उपेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमें अपने विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर करा कर निर्धारित प्रारूप में सारी शिक्षा विभाग में 26 अगस्त तक अवश्य जमा कर दें। छात्र दल को अपने शिक्षक के साथ प्रतियोगिता में आना आवश्यक है।

प्रतियोगिता के लिए डॉ. उपेंद्र सिंह तोमर एवं अमित श्रीवास्तव को बास्केटबॉल और फुटबॉल, ज्ञान अर्जरिया को बैडमिंटन, डॉ. कृष्णा एवं डॉ. गिरजा सिंह को टेबल टेनिस, डॉक्टर सपना सक्सेना एवं डॉ. रूपम सक्सेना को खो खो, डॉ. राजीव बबेले कन्हैया लाल सोनकर को क्रिकेट एवं वॉलीबॉल का आयोजन सचिव बनाया गया है।

# बीसीसीआई के स्टेट कैंप के लिए चयनित हुए बेगूसराय के आठ क्रिकेट खिलाड़ी

**बेगूसराय।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पटना में होने वाले बिहार क्रिकेट संघ के सीनियर कोचिंग कैंप के लिए बेगूसराय के आठ खिलाड़ियों का चयन किया गया है। एक सितम्बर से शुरू इस कोचिंग कैंप में किए गए प्रदर्शन के आधार पर बीसीसीआई बिहार क्रिकेट टीम का गठन करेगी।

जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राज नयन ने बताया कि बीसीसीआई द्वारा आयोजित होने वाले टूर्नामेंट के लिए बिहार क्रिकेट संघ ने सीनियर कोचिंग कैंप के लिए आज खिलाड़ियों की सूची जारी की। जिसमें बेगूसराय से आठ खिलाड़ियों का चयन इस सीनियर कोचिंग कैंप के लिए हुआ है। यह बेगूसराय के लिए गौरव की बात है कि एक साथ आठ खिलाड़ियों का चयन उनके परफॉर्मेंस के आधार पर स्टेट के लिए हुआ है। जिला क्रिकेट संघ के टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार



वीरेश ने बताया कि श्रवण अर्क, मुरारी कुमार, इम्तियाज आलम, रोहन कुमार सिंह, आदित्य सोनी, सत्येंद्र कुमार, विक्रांत सिंह एवं अभिनव कुमार का चयन स्टेट कैंप के लिए हुआ है। बिहार क्रिकेट संघ का निर्णय स्वागत योग्य है, घरेलू टूर्नामेंट हेमन ट्रॉफी के प्रदर्शन के आधार पर बिहार सीनियर कोचिंग कैंप के लिए यह सूची जारी किया गया है। मीडिया प्रभारी विवेक कुमार ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए बताया कि सभी चयनित खिलाड़ी एक सितम्बर से पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में आयोजित होने वाले कोचिंग कैंप में शामिल होंगे। इस कोचिंग कैंप में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर अंतिम रूप से बिहार टीम का गठन किया जाएगा।

जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष पवन सिंह, सचिव कन्हैया सिंह, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, संयुक्त सचिव रुपेश कुमार, क्लब प्रतिनिधि सुनील सिंह, खिलाड़ी प्रतिनिधि रणवीर कुमार, पूर्व कप्तान प्रेम रंजन पाठक एवं राजीव रंजन कक्कू चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की कामना किया है।

# लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने की आगामी सीज़न के कार्यक्रम की घोषणा, 10 देशों के दिग्गज दिखाएंगे दम

**नई दिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने सितंबर 2022 में अपने आगामी सीज़न के लिए पूर्ण कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। यह सीज़न छह शहरों में खेला जाना है, जिनमें से पांच शहर कोलकाता, नई दिल्ली, कटक लखनऊ और जोधपुर हैं। प्ले-ऑफ के लिए स्थान की घोषणा अभी बाकी है।

कोलकाता का ईडन गार्डन 16 से 18 सितंबर तक तीन मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें भारतीय महाराजा और वर्ल्ड जायंट्स के बीच भारतीय स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में खेला जाने वाला विशेष मैच भी शामिल है। जोधपुर और लखनऊ में दो-दो व अन्य सभी मैदानों में तीन-तीन मैच खेले जाएंगे। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक और सीईओ, रमन रहेजा ने कहा, हमारे प्रशंसकों और दर्शकों का इंतजार खत्म हो गया है। हम जल्द ही तारीखों के साथ ऑनलाइन टिकटों की उपलब्धता के लिए अपने टिकटिंग पार्टनर की घोषणा करेंगे। एक नए प्रारूप में 10




देशों के प्रतिष्ठित खिलाड़ियों की लाइनअप के साथ, मुझे यकीन है कि प्रशंसकों को इस साल पिच पर शक्तिशाली प्रदर्शन और एक शानदार सीजन का अनुभव होगा।

उन्होंने आगे कहा, हमें आगामी सीज़न के लिए पाकिस्तान से कोई खिलाड़ी नहीं मिल रहा है। हम जल्द ही ड्राफ्ट में कुछ और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को शामिल करेंगे। और हमारे सभी दिग्गज हमारे साथ एक पूरा सीजन खेलेंगे और किसी अन्य लीग या प्रतिबद्धता के लिए कोई भी मैच मिस नहीं करेंगे।

उन्होंने आगे कहा, इस सीजन के फाइनल मैच के लिए हम देहरादून की ओर देख रहे हैं।

लीजेंड्स लीग क्रिकेट के कमिश्नर रवि शास्त्री ने कहा, हम इन शानदार क्रिकेट मैदानों में क्रिकेट प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए आ रहे हैं। इस त्योहारी सीजन में हम पहले लीजेंड्स लीग क्रिकेट खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले शीर्ष दिग्गजों के साथ क्रिकेट कार्निवल पेश करेंगे।

## थाईलैंड की अदालत ने प्रधानमंत्री प्रयुथ से 'छीना' कार्यभार

**बैंकाक।** थाईलैंड के संवैधानिक न्यायालय ने बुधवार को आदेश दिया कि जब तक वह इसका निर्णय नहीं कर लेता कि थाईलैंड के प्रधानमंत्री प्रयुथ चान-ओचा पद पर बने रहने की कानूनी सीमा पार कर चुके हैं या नहीं, तब तक के लिए उन्हें अपने सक्रिय दायित्व स्थगित रखने होंगे। अभी इसकी घोषणा नहीं की गई है कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर जिम्मेदारी कौन संभालेगा। बहरहाल, कानून के अनुसार उप प्रधानमंत्री प्रवित वोंगसुवन प्रधानमंत्री के कामकाज का दायित्व संभाल सकते हैं। वह प्रयुथ के नजदीकी राजनीतिक सहयोगी हैं और उसी सैन्य समूह का हिस्सा हैं जिसने 2014 में तख्तापलट कर उन्हें सत्ता में पहुंचाया था। थाई मीडिया में खबर लीक होने के बाद एक बयान में अदालत के फैसले की घोषणा की गई। अदालत ने इस पर सहमति जताई कि प्रयुथ के कार्यकाल की सीमा पार करने को लेकर दायर याचिका पर विचार करने के पर्याप्त कारण हैं। अदालत के सदस्यों ने चार के मुकाबले पांच वोटों से प्रयुथ को कार्यभार से मुक्त करने पर सहमति जताई।



## इमरान खान को नया झटका, प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर एक और मामला दर्ज

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के शीर्ष नेताओं के खिलाफ इस्लामाबाद में सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन पर लगे प्रतिबंध का उल्लंघन करने के लिए एक मामला दर्ज किया गया है। खान ने 20 अगस्त को यहां एक विरोध सभा को संबोधित किया था। पुलिस ने पार्टी नेतृत्व को धारा 144 का उल्लंघन करने के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए सोमवार को इस्लामाबाद के आबपारा थाने में मामला दर्ज किया। प्राथमिकी में 69 वर्षीय खान के अलावा पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कई नेताओं को नामजद किया गया है। इससे पहले दिन में, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने यहां एक रैली के दौरान एक महिला न्यायाधीश के बारे में विवादित टिप्पणी करने के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री खान के विरुद्ध अवमानना कार्यवाही शुरू करने का निर्णय लिया।



## भारत में चीनी आकाओं के इशारे पर चल रहे लोन गैंग का पर्दाफाश, हांगकांग-चीन भेज रहे थे संवेदनशील जानकारियां

**बीजिंग।** भारत में चीनी आकाओं के इशारे पर चल रहे इंस्टेंट लोन-कम-एक्सटॉर्शन गैंग का पर्दाफाश हुआ है। दिल्ली पुलिस ने दो महीने से अधिक समय तक चले एक ऑपरेशन में इस रैकेट का भंडाफोड़ कर देश के विभिन्न हिस्सों से 22 लोगों को गिरफ्तार किया। इस गैंग के तार पड़ोसी देश चीन से जुड़े हैं और इसमें कई चीनी नागरिक भी शामिल हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह गिरोह चीनी आआकाओं के इशारे पर संचालित होता था और जबरन वसूली का पैसा हवाला और क्रिप्टोकरेंसी के जरिए चीन में भेजा जा रहा था। पुलिस के अनुसार, सैकड़ों शिकायतें दर्ज की गई थीं जिनमें आरोप लगाया गया था कि लोन उच्च ब्याज दरों पर दिए जा रहे थे और ब्याज सहित रकम की पूरी वसूली के बाद गिरोह लोगों से उनकी मॉर्फ्ड अश्लील तस्वीरों का उपयोग करके अधिक पैसे वसूल करता था।दिल्ली पुलिस के इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशन (आईएफएसओ) यूनिट ने इन शिकायतों का संज्ञान लिया और जांच के दौरान पाया कि इस तरह के 100 से अधिक शिकातें प्राप्त हुई थीं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह गिरोह ऐप यूजर्स से कई अनुचित परमिशन मांग रहा था। ऐप यूजर्स के कॉन्टैक्ट्स, चैट, मैसेजों और फोटो का एक्सेस मिलने के बाद, यह गिरोह चीन और हांगकांग स्थित अपने सर्वरों पर संवेदनशील जानकारियां अपलोड करता था। छोटी मात्रा में लोन प्रदान करने की आड़ में ऐप विकसित किए गए थे। अधिकारी ने कहा कि यूजर्स ऐसे ऐपों में से किसी एक को डाउनलोड करते, ऐप को अनुमति देते और लोन की राशि मिनटों में उनके खाते में जमा हो जाती।

## शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने ताशकंद पहुंचे भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ

**ताशकंद।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद पहुंचे हैं। उज्बेकिस्तान के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल बखोदिन कुर्बानोव ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्राध्यक्षों का शिखर सम्मेलन अगले माह 15 व 16 सितंबर को समरकंद में प्रस्तावित है। इस शिखर सम्मेलन में भारत, रूस, चीन, पाकिस्तान, कजाखस्तान, उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिजस्तान के राष्ट्राध्यक्ष हिस्सा लेंगे। उससे पहले ताशकंद में इन देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक हो रही है। बैठक में भाग लेने भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ताशकंद पहुंचे। वहां उन्होंने उज्बेकिस्तान के रक्षामंत्री लेफ्टिनेंट जनरल बखोदिर कुर्बानोव के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की। रक्षा मंत्रियों की बैठक में यूक्रेन और अफगानिस्तान की स्थिति सहित क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मुलाकात की संभावना भी जताई जा रही है। बैठक के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्री एक छत के नीचे दो दिन का समय बिताएंगे।



## राजस्थान के सौर बिजली संयंत्र में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी लेगा नॉर्वे

**नॉर्वे।** नॉर्वे-भारत वैश्विक ऊर्जा बदलाव भागीदारी के तहत नॉर्वे का जलवायु निवेश कोष राजस्थान में 420 मेगावॉट क्षमता के सौर बिजली संयंत्र में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी लेगा। नॉर्वे के दूतावास ने सोमवार को एक बयान में कहा कि नोरफंड और केएलपी द्वारा प्रबंधित जलवायु निवेश कोष 280 करोड़ रुपये में थार सूर्या-1 सौर ऊर्जा परियोजना में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी लेगा। केएलपी नॉर्वे की सबसे बड़ी पेंशन कंपनी है। राजस्थान में 420 मेगावॉट (एमडब्ल्यूडीसी) क्षमता का सौर बिजली संयंत्र इटली की कंपनी एनेल ग्रीन पावर बना रही है। नॉर्वे के भारत में राजदूत हंस जैकब फ्राइडेनलुंड ने कहा, '' नॉर्वे और भारत वैश्विक ऊर्जा बदलाव में भागीदार हैं।

नोरफंड प्रबंधित जलवायु निवेश कोष के माध्यम से नॉर्वे भारत की ऊर्जा सुरक्षा और स्वच्छ बिजली आपूर्ति में योगदान करते हुए अपनी जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के उपायों में वित्तपोषण की प्रतिबद्धताओं को पूरा कर रहा है।'' जलवायु निवेश कोष के लिये भारत प्राथमिकता वाला बाजार और वह अगले पांच साल में 10 अरब क्रोन (करीब एक अरब डॉलर) का का योगदान देगा।

## मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब को राहत नहीं, 12 साल की सजा बरकरार

**कुआलालंपुर।** भ्रष्टाचार के आरोप में 12 साल की सजा पाए मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक को देश की शीर्ष अदालत से राहत नहीं मिल सकी है। मलेशिया की शीर्ष अदालत ने नजीब की सजा बरकरार रखी है।

मलेशिया की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रज्जाक को सरकारी निवेश कोष से अरबों डॉलर के गबन के मामले में बीते माह दोषी करार देकर 12 साल जेल की सजा सुनाई थी। वह दोषी करार दिये जाने वाले मलेशिया के पहले नेता है। उन्होंने शीर्ष अदालत में इस फैसले को चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत में अंतिम अपील पर सुनवाई से पहले नजीब के वकील ने मुख्य न्यायाधीश मैमुन तुआन को हटाने की मांग भी की थी। वे सुनवाई के लिए गठित अदालत की पांच सदस्यीय पीठ का नेतृत्व कर रही थीं। इन प्रयासों के बावजूद शीर्ष अदालत की इस विशेष पीठ ने नजीब की सजा को बरकरार रखने का फैसला सुनाया। यह फैसला नयी सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार में नजीब की मलय पार्टी के बड़े सहयोगी के रूप में शामिल होने के छह महीने बाद आया है। अरबों डॉलर के घोटाले को लेकर जनता के गुस्से के कारण 2018 में नजीब की पार्टी को सत्ता से बाहर होना पड़ा था। यह फैसला नजीब के खिलाफ भ्रष्टाचार के पांच मुकदमों में से एक में आया है। मलेशिया के सबसे प्रमुख राजनीतिक परिवारों में से एक के वंशज नजीब, पांच अलग-अलग मुकदमों में 42 आरोपों का सामना कर रहे हैं और दोषी पाए जाने पर उन्हें वर्षों जेल में बिताना पड़ सकता है। नजीब के पिता और चाचा देश के दूसरे और तीसरे प्रधानमंत्री रहे थे।



## ब्रिटिश खुफिया एजेंसियों की जानकारी के बाद हुई थी सिख आतंकी की भारत में गिरफ्तारी

**लंदन।** भारत में पांच साल पहले एक सिख आतंकी की गिरफ्तारी ब्रिटिश खुफिया एजेंसियों की सूचना के बाद हुई थी। वर्तमान में सिख आतंकी जगतार सिंह जोहाल आतंकवाद और हत्या की साजिश रचने के आरोप में भारतीय जेल में बंद है।

स्कॉटलैंड के डम्बर्टन का निवासी ब्रिटिश नागरिक 35 वर्षीय जगतार सिंह जोहाल शादी करने वर्ष 2017 में भारत के पंजाब गया था। जोहाल के परिजनों ने यातना और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। जोहाल को गंभीर आरोपों में अदालत में सुनवाई के लिए गिरफ्तार किया गया है। जोहाल को बचाने के लिए ब्रिटेन के एनजीओ रिप्रीव ने सोमवार को कहा कि खुफिया एजेंसी एमआई-5 और एमआई-6 ने भारतीय अधिकारियों को जानकारी साझा कर उसे गिरफ्तार करवाया है। रिपोर्ट के अनुसार, जगतार सिंह जोहाल ब्रिटेन में स्कॉटलैंड के डंबर्टन शहर के रहने वाले हैं। वे पांच साल पहले नवंबर 2017 में भारत आए थे। आरोप है कि भारत पहुंचने के बाद उन्हें एक कार में ले जाया गया। तभी से पुलिस हिरासत में हैं और दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं।

जगतार सिंह जोहल दक्षिणपंथी हिंदू नेताओं के टारगेट किलिंग में शामिल होने के आरोप में तकरीबन चार साल से भारतीय जेल में कैद है।जगतार सिंह जोहल पर आरएसएस नेता ब्रिगेडियर, जगदीश गगनेजा समेत कई और नेताओं के टारगेट किलिंग में शामिल होने का आरोप लगा था। ऐसे में जगतार दिल्ली की एक जेल में कैद है और उस पर किसी भी तरह का केस नहीं चल रहा है। हालांकि राष्ट्रीय जांच एजेंसी जगतार सिंह जोहल के खिलाफ कुल आठ मामलों की जांच में जुटी हुई है।



## कुरान की आयतें पढ़ने के बाद कट्टरपंथी ने किया मालदीव के मंत्री पर हमला

**माले।** द्वीपीय देश मालदीव सरकार में पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री अली सोलिह को एक कट्टरपंथी ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। कुरान की आयतें पढ़ने के बाद हमलावर ने मंत्री के हाथ और चेहरे पर चाकू से कई वार किए। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ है।

मालदीव की राजधानी माले में मंत्री अली सोलिह पर उस समय हमला हुआ जब वे स्कूटर से कहीं जा रहे थे। हमलावर बीच सड़क पर स्कूटर के सामने आकर गाड़ी को रोका और कुरान की कुछ आयतें पढ़कर अचानक अली सोलिह पर चाकू से हमला कर दिया। सोलिह को बचने का मौका नहीं मिला। हमले में मंत्री को हाथ और चेहरे पर चोटें आई हैं। उन्होंने स्कूटर को छोड़ सड़क पर पैदल भागकर अपनी जान बचाई। इस हमले के बाद हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया।मंत्री सोलिह जुम्हूरी पार्टी (जेपी) के प्रवक्ता भी हैं, जो राष्ट्रपति इब्राहिम सोलिह की सत्तारूढ़ मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) की गठबंधन सहयोगी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि सोलिह की गर्दन पर पीछे से हमला किया गया। हमला मंत्री की गर्दन को निशाना बनाकर किया गया था लेकिन वह फिसलकर हाथ पर लग गया। इससे उनके बाएं हाथ पर गंभीर चोट आई है।

मालदीव की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हमलावर को 15 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। हमलावर वही है जिसने हाल ही में माले शहर में किंग सलमान मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद की तकरीर को बाधित किया था। हुलहुमले मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जहां उसे 15 दिन की पुलिस रिमांड में सौंपा गया।



## चीन की हरकतों से परेशान हुआ जापान, पूर्वी चीन सागर में तैनात करेगा क्रूज मिसाइलें

**टोक्यो।** चीन दुनिया के कई देशों के लिए मुसीबत पैदा कर रहा है। पूर्वी चीन सागर में चीन की हरकतों से परेशान जापान ने वहां लंबी दूरी क्रूज मिसाइलें तैनात करने का फैसला किया है। जापानी मीडिया के अनुसार पूर्वी चीन सागर का नैंसेई द्वीप उत्तर कोरिया और चीन के पास मौजूद है। जापान इन दोनों ही देशों से खतरा मानता है किन्तु पिछले कुछ समय से पूर्वी चीन सागर में चीन की गतिविधियां बढ़ी हैं। ऐसे में नैंसेई द्वीप पर जापान की ओर से लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें तैनात करने की तैयारी है। जापान यहां 100 किलोमीटर रेंज वाली 1,000 मिसाइलें तैनात करने जा रहा है। इन्हें जहाजों और विमानों से लॉन्च किया जा सकता है। जापान अपनी एक मिसाइल टाइप 12 की क्षमता बढ़ाने पर भी विचार कर रहा है। पूरी तरह से जापान में तैयार हुई यह मिसाइल जमीन से किसी भी जंगी जहाज पर 1,000 किमी की रेंज में किसी भी लक्ष्य पर निशाना साध सकती है। हाल ही में चीन ने ताइवान के चारों ओर सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास किया था। जापान का कहना है कि इस सैन्य अभ्यास की आंच जापानी तट तक भी पहुंची थी। चीन के ताइवान और पूर्वी चीन सागर में हमलावर रुख को देखते हुए जापान को भी सचेत रहना पड़ेगा।



## चीन ने सेमीकंडक्टर को लेकर नए अमेरिकी कानून का किया विरोध

**वाशिंगअन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अमेरिकी सेमीकंडक्टर उत्पादकों का समर्थन करने और चीन के साथ प्रतिस्पर्धा में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए 52.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के कानून पर हस्ताक्षर किए ।लेकिन चीन ने सेमीकंडक्टर को लेकर इस नए अमेरिकी कानून का विरोध किया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बुधवार को कहा कि अमेरिका द्वारा अपनाया गया नया चिप और विज्ञान अधिनियम वैश्विक सप्लाई चेन को बाधित करेगा जिसका प्रभाव अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पड़ेगा। जबकि अमेरिकी कानून के अनुसार इसके तहत सेमीकंडक्टर उद्योग को करीब 52 बिलियन डॉलर की सब्सिडी मिलेगी, लेकिन ये सब्सिडी उन्हीं कंपनियों को दी जाएगी, जो दस साल तक चिप के क्षेत्र में चीन के साथ कोई कारोबार नहीं करेंगी।

बिल पारित होने के बाद चीन के विदेश मंत्रालय ने इसे लेकर कड़ी आपत्ति जताई । चीनी विदेश मंत्रालय का कहना है कि ये सभी वैश्विक सप्लाई चेन को बाधित करेंगे और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में बाधा डालेंगे।वांग ने कहा कि चीन इसका कड़ा विरोध करता है । अमेरिका अपने खुद के विकास के तरीकों को चुनने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन उन्हें चीन के विकास को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए और वैश्विकवक व्यापार संगठन के नियमों और पारदर्शिता और गैर-भेदभाव के सिद्धांतों का सम्मान करना चाहिए। इसके साथ ही वांग ने कहा कि अमेरिका को वैश्विक उत्पादन और सप्लाई चेन की रक्षा करना चाहिए। अमेरिका के नेतृत्व वाले चिप 4 अलायंस में दक्षिण कोरिया, जापान और ताइवान शामिल हैं. चिप 4 अलायंस ने चीन को चिंतित कर दिया है क्योंकि यह कदम एक चिप निर्माता के रूप में बीजिंग की बढ़ती क्षमताओं पर अंकुश लगाने के लिए है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चीन सेमीकंडक्टर में अधिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की ओर बढ़ रहा है। चीन और ताइवान के बीच बढ़ते तनाव के बीच दुनिया भर में सेमीकंडक्टर चिप्स की कमी है। चिप 4 अलायंस शामिल होने के लिए दक्षिण कोरिया को आमंत्रित करने का अमेरिका का कदम चीन के लिए एक झटके के तौर पर देखा जा रहा है। चीन 2030 तक सेमीकंडक्टर प्रोडक्श में अग्रणी बनने का सपना देख रहा है और अमेरिका को पीछे छोड़ने के लिए तेजी से काम कर रहा है लेकिन नए अमेरिकी कानून से चीन को बड़ा झटका लग सकता है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## ब्रिटिश खुफिया एजेंसियों की जानकारी के बाद हुई थी सिख आतंकी की भारत में गिरफ्तारी

**लंदन।** भारत में पांच साल पहले एक सिख आतंकी की गिरफ्तारी ब्रिटिश खुफिया एजेंसियों की सूचना के बाद हुई थी। वर्तमान में सिख आतंकी जगतार सिंह जोहाल आतंकवाद और हत्या की साजिश रचने के आरोप में भारतीय जेल में बंद है।

स्कॉटलैंड के डम्बर्टन का निवासी ब्रिटिश नागरिक 35 वर्षीय जगतार सिंह जोहाल शादी करने वर्ष 2017 में भारत के पंजाब गया था। जोहाल के परिजनों ने यातना और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। जोहाल को गंभीर आरोपों में अदालत में सुनवाई के लिए गिरफ्तार किया गया है। जोहाल को बचाने के लिए ब्रिटेन के एनजीओ रिप्रीव ने सोमवार को कहा कि खुफिया एजेंसी एमआई-5 और एमआई-6 ने भारतीय अधिकारियों को जानकारी साझा कर उसे गिरफ्तार करवाया है। रिपोर्ट के अनुसार, जगतार सिंह जोहाल ब्रिटेन में स्कॉटलैंड के डंबर्टन शहर के रहने वाले हैं। वे पांच साल पहले नवंबर 2017 में भारत आए थे। आरोप है कि भारत पहुंचने के बाद उन्हें एक कार में ले जाया गया। तभी से पुलिस हिरासत में हैं और दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। जगतार सिंह जोहल दक्षिणपंथी हिंदू नेताओं के टारगेट किलिंग में शामिल होने के आरोप में तकरीबन चार साल से भारतीय जेल में कैद है। जगतार सिंह जोहल पर आरएसएस नेता ब्रिगेडियर, जगदीश गगनेजा समेत कई और नेताओं के टारगेट किलिंग में शामिल होने का आरोप लगा था। ऐसे में जगतार दिल्ली की एक जेल में कैद है और उस पर किसी भी तरह का केस नहीं चल रहा है। हालांकि राष्ट्रीय जांच एजेंसी जगतार सिंह जोहल के खिलाफ कुल आठ मामलों की जांच में जुटी हुई है।

## यूक्रेन पर रूसी हमले जारी, आक्रमण के छह माह पूरे, भारत जपोरीजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र की स्थिति पर चिंतित

**न्यूयॉर्क/कीव ।** भारत ने कहा कि वह यूक्रेन में जपोरीजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र की स्थिति को लेकर चिंतित है। परमाणु सुविधाओं से जुड़ी किसी भी दुर्घटना के संभावित विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन पर आक्रमण किया था। रूस के हमले तबसे लगातार जारी हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बुधवार सुबह छह माह पूरे हो गए।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ब्रीफिंग में संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत, यूक्रेन की परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा और रक्षा के संबंध में विकास का सावधानीपूर्वक पालन करना जारी रखता है और यह इन सुविधाओं की सुरक्षा और रक्षा सुनिश्चित करने के लिए उच्च महत्व देता है।

इस बीच अमेरिका ने अपने नागरिकों से तुरंत यूक्रेन छोड़ने का आग्रह किया है। अमेरिकी ने दावा किया है कि रूस अगले कुछ दिनों में यूक्रेन में नागरिक और बुनियादी ढांचे पर निशाना लगाने की तैयारी में है। हमले की आशंका को देखते हुए यूक्रेन ने भी सोवियत शासन से आजादी मिलने की बुधवार को स्वतंत्रता की वर्षगांठ पर कीव में समारोहों पर पाबंदी लगा दी है। इस बीच रूसी सेना दक्षिण-पूर्व यूक्रेन के जपोरीजिया क्षेत्र में लगातार हवाई हमले कर रही है। यहां यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र है। रूसी सेना यहां एक बड़े इलाके को नियंत्रित कर रही है। इसमें काला सागर तट और पूर्वी दोनबास क्षेत्र का हिस्सा भी शामिल है। छह माह बीतने के बाद भी इस युद्ध में फिलहाल शांति की संभावनाएं लगभग नहीं के बराबर ही दिखाई दे रही हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने आशंका जताई कि बुधवार को स्वतंत्रता दिवस पर रूस बड़ी सैन्य कार्रवाई कर सकता है। यूक्रेन में इस बात को लेकर लोग डरे हुए हैं कि स्वतंत्रता दिवस पर छुट्टी के दिन रूस उनके सरकारी और नागरिक लक्ष्यों को निशाना बना सकता है।

*संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 24 फरवरी को रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद से 5,587 यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं, जबकि 7,890 अन्य लोग घायल हुए हैं। यूनिसेफ के मुताबिक रूसी कार्रवाई शुरू होने के बाद से अब तक 972 यूक्रेनी बच्चे मारे गए या घायल हुए हैं। जबकि वास्तविक संख्या बहुत अधिक है।*

अमेरिका ने यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद मास्को के शीर्ष नेतृत्व और कुलीन वर्ग के लोगों समेत करीब 5,000 नागरिकों पर प्रतिबंध लगाए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा है कि क्रेमलिन की जवाबदेही तय करने के लिए और उपायों पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस, यूक्रेन के लोकतंत्र व उसके नागरिकों की स्वतंत्रता पर बर्बर प्रहार कर रहा है।